राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

सत्य सवेरा

सुबह का सबेरा
नई खबरों के साथ....

www.satysavera.in

आवश्यकता है

हिंदी दैनिक सत्य सवेरा समाचार पत्र में उत्तर प्रदेश के सभी जिले वह तहसील ब्लाक स्तर न्याय पंचायत पर संवाददाता विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है ।

संपर्क करें 7398687275, 9838720165

वर्ष : 01 अंक : 128 | आजमगढ़, सोमवार 08 दिसम्बर 2025 | PRGI NO. UPHIN/25/A1953 | मूल्य –2 रूपये पृष्ठ–08

गोवा के क्लब में आधी रात को आग लगने से तीन महिलाओं समेत 23 लोगों की मौत

उत्तरी गोवा के एक नाइट क्लब में शनिवार देर रात सिलेंडर फटने के बाद आग लगने से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। राज्य के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बताया कि मारे गए अधिकतर लोग क्लब की रसोई में काम करते थे। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं और ''तीन से चार पर्यटक'' भी शामिल हैं।घटनास्थल पर पहुंचे सांवत ने संवाददाताओं को बताया कि 23 लोगों में से तीन की मौत जलने जबकि अन्य की मौत दम घुटने से हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार नाइट क्लब ने आग संबंधी सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं किया था।'बर्च बाय रोमियो लेन' नामक नाइट क्लब में आध ी रात के बाद आग लगी। राज्य की राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर अरपोरा में यह नाइट क्लब स्थित है। सावंत ने कहा, ''हम क्लब प्रबंधन और उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे जिन्होंने सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन की अनदेखी की।'' सावंत ने कहा, ''तटीय राज्य में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना ऐसे समय में हुई है जब बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''हम घटना की गहन जांच करेंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।'' गोवा पुलिस प्रमुख आलोक कुमार ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि आग सिलेंडर फटने के कारण लगी।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय विधायक माइकल लोबो ने कहा, ''परिसर से सभी 23 शव बरामद कर लिए गए हैं और उन्हें बम्बोलिम में स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है।''लोबो ने संवाददाताओं को बताया कि अग्निशमन विभाग और पुलिस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और रात भर बचाव कार्य में लगी रहीं। उन्होंने कहा कि अधिकारी सभी क्लब का अग्नि सुरक्षा ऑडिट करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।विधायक ने कहा कि कलंगुटे पंचायत सोमवार को सभी नाइट क्लब को नोटिस जारी कर अग्नि सुरक्षा अनुमतियां दिखाने करने के लिए कहेगी। उन्होंने कहा कि जिन क्लब के पास आवश्यक अनुमतियां नहीं हैं, उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे।

नाइट क्लब में आग लगने की घटना के बाद पीएम मोदी ने गोवा के मुख्यमंत्री से बात की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा के एक नाइट क्लब में आग लगने से 23 लोगों की मौत हो जाने की घटना के बाद राज्य के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से बात की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''गोवा के अरपोरा में आग लगने की घटना बहुत दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजन को खो दिया है। घायल लोगों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।''उन्होंने कहा, ''गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत जी से स्थिति के बारे में बात की। राज्य सरकार प्रभावित लोगों की हर संभव मदद कर रही है।'' प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''गोवा के अरपोरा में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।'' 'बर्च बाय रोमियो लेन' नामक नाइट क्लब में शनिवार आधी रात के बाद आग लग गई। यह नाइट क्लब राज्य की राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर अरपोरा में स्थित है।सावंत ने बताया कि मारे गए अधिकतर लोग क्लब की रसोई में काम करते थे। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं और ''तीन से चार पर्यटक'' भी शामिल हैं। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि 23 लोगों में से तीन की मौत जलने जबकि अन्य की मौत दम घुटने से हुई।

आत्मविश्वास से सराबोर भारत, बना वैश्विक अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन- पीएम मोदी का उद्घोष

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है, भारत एक अलग लीग में दिखाई दे रहा है। 'एचटी लीडरशिप समिट' में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा हैय जब दुनिया आर्थिक सुस्ती की बात करती है, भारत विकास गाथा लिखता है। उन्होंने कहा कि जब विश्व में विश्वास का संकट है, तो भारत भरोसे का स्तंभ हैय जब दुनिया टुकड़ों में बंटी है, तो भारत सेतु का काम करता है। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप 'स्काईरूट' का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने देश में अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार किये हैं, इसके युवा अब नये भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का प्रमुख विकास इंजन बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहा परिवर्तन केवल

संभावनाओं के बारे में नहीं है। यह बदलते जीवन, विकसित होती मानसिकता और एक नई दिशा में बढ़ते राष्ट्र की सच्ची कहानी है। आज हमारे संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस भी है। मैं सभी भारतीयों की ओर से उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।मोदी ने कहा कि आज हम ऐसे दौर में खड़े हैं जब इक्कीसवीं सदी का एक–चौथाई हिस्सा बीत चुका है। इन पच्चीस वर्षों में, दुनिया ने कई उतार– चढ़ाव देखे हैं। इसने वित्तीय संकट देखे हैं। इसने एक वैश्विक महामारी का सामना किया है। इनमें से प्रत्येक स्थिति ने किसी न किसी रूप में वैश्विक समुदाय के लिए चुनौती पेश की है। अनिश्चितता के माहौल के बीच, हमारा राष्ट्र अपनी अलग पहचान बना रहा है। भारत गहरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की दूसरी तिमाही की 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का उल्लेख किया और कहा कि भारत विश्वास के स्तंभ के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, ष्जब दुनिया मंदी की बात करती है, तब भारत विकास की गाथा लिख ष्ष्रहा है। जब दुनिया विश्वास के संकट से जूझ रही है, तब भारत विश्वास का स्तंभ बनकर उभर रहा है। जब दुनिया विखंडन की ओर बढ़ रही है, तब भारत एक सेतु का काम कर रहा है। भारत के लिए दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आँकड़े आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाते हैं, जो हमारी प्रगति में एक नई गति को दर्शाता है। मोदी ने कहा कि ये केवल संख्याएँ नहीं हैं। ये मजबूत व्यापक आर्थिक संकेत हैं। ये बताते हैं कि भारत आज वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक प्रमुख विकास चालक के रूप में उभर रहा है। आज, जब हम कल के परिवर्तन पर चर्चा कर रहे हैं, तो यह स्पष्ट है कि हम जिस परिवर्तन की आकांक्षा रखते हैं, वह वर्तमान के कार्यों द्वारा निर्मित मजबूत नींव में दृढ़ता से निहित है। आज हम जो सुधार कर रहे हैं और जो प्रदर्शन कर रहे हैं, वे हमारे कल के परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

ओवैसी का तीखा वार- बाबरी विध्वंस ने मस्जिद नहीं, संविधान को किया था कमजोर, 6 दिसंबर काला दिन

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को कहा कि 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी मस्जिद विध्वंस ने भारतीय संविधान को कमजोर किया और देश के लिए एक काला दिवस बनाया। ओवैसी ने इस घटना के प्रभाव को कम करके आंकने के प्रयासों की आलोचना करते हुए कहा कि इसने कानून के शासन का उल्लंघन किया और देश पर गहरे घाव छोड़े।हैदराबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि आज 6 दिसंबर है। आप और मैं जानते हैं कि 6 दिसंबर 1992 को क्या हुआ था...पुलिस की मौजूदगी में बाबरी मस्जिद को गिरा दिया गया था.. .सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बाबरी मस्जिद का विध्वंस कानून के शासन का उल्लंघन था...वजीर–ए–आजम (प्रधानमंत्री) ने हाल ही में कहा था कि 500 साल पुराने जख्मों पर मरहम लगाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मस्जिद बनाने के लिए किसी मंदिर को नहीं तोड़ा गया था। तो, प्रधानमंत्री किस आधार पर ऐसा कह रहे हैं? जख्म असल में इस बात के हैं कि 6 दिसंबर 1992 को एक मस्जिद नहीं गिराई गई, बल्कि भारतीय संविधान को कमजोर किया गया...6 दिसंबर एक काला दिन है। 6 दिसंबर 1992 को अयोध या में श्कारसेवकोंश के एक बड़े समूह ने बाबरी मस्जिद को गिरा दिया था। इसके बाद, अयोध्या में कई मुस्लिम घरों में तोड़फोड़ की गई, आग लगा दी गई और उन्हें नष्ट कर दिया गया। देश के कई हिस्सों में दंगे भड़क उठे, जिसमें 1,000 से ज्यादा लोग मारे गए। इस बीच, आज, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित विधायक हुमायूँ कबीर ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण की आधारशिला रखी।उन्होंने धार्मिक स्थल बनाने के संवैधानिक अधिकार की ओर ध्यान आकर्षित किया और कहा कि वह कोई असंवैधानिक काम नहीं कर रहे हैं, ष्जैसे कोई भी मंदिर या चर्च बना सकता है, वैसे ही मैं भी बना सकता हूँ।ष् सभा को संबोधित करते हुए कबीर ने कहा, ष्मैं कोई असंवैधानिक काम नहीं कर रहा हूँ। कोई भी मंदिर बना सकता है, कोई भी चर्च बना सकता हैय मैं मस्जिद बनाऊँगा। कहा जा रहा है कि हम बाबरी मस्जिद नहीं बना सकते। ऐसा कहीं लिखा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला दिया था जिसमें कहा गया था कि हिंदू लोगों ने बाबरी मस्जिद को गिराया था। हिंदुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यहाँ मंदिर बनाने का फैसला लिया गया। अब हम देखते हैं कि कोई सागरदीघी में राम मंदिर की आधारशिला रख रहा है। लेकिन संविधान हमें मस्जिद बनाने की इजाजत देता है।

इंडिगो संकट–एयरलाइन ने अब तक रिफंड किए 610 करोड़

नई दिल्ली (एजेंसी) ।इंडिगो ऑपरेशन संकट के बीच रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ का रिफंड कर दिया है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3 हजार से ज्यादा बैगेज भी लौटाए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार शाम इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री–बुकिंग पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट फुल कैपेसिटी के साथ उड़ान भर रही हैं।इंडिगो के सीईओ ने पीटर एल्बर्स ने बताया कि आज हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। ऑन टाइम परफॉर्मेंस 75: रहने का अनुमान है। शनिवार को यह आंकड़ा 1500 था। आमतौर पर एयरलाइन रोजाना करीब 2300 उड़ानें ऑपरेट करती है। हमारी सेवाएं धीरे–धीरे सामान्य हो रही हैं। आज भी इंडिगो की 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। इनमें दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, भोपाल, मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं।

इससे पहले एयरलाइन ने शुक्रवार को लगभग 1600 फ्लाइट और शनिवार को लगभग 800 फ्लाइट कैंसिल की थीं ।कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस 7 दिसंबर को रात 8 बजे तक पूरा करनी होगी। अगले 48 घंटों में पैसेंजर के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा। कंपनी के सीईओ को 24 घंटे में बताना होगा कि पिछले 5 दिन से जारी संकट के चलते कंपनी पर एक्शन क्यों न लिया जाए। जवाब न देने पर DGCA एकतरफा फैसला ले सकेगा।

राजनाथ ने बीआरओ के 125 इंफ्रा प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया

आपरेशन सिंदूर की सफलता में मजबूत कनेक्टिविटी ने निभाई अहम भूमिका : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली ।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लद्दाख में बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइज़ेशन के 125 इंफ्रा प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे बीआरओ और केंद्र के बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि अच्छी सड़कों, रियल टाइम कम्यूनिकेशन, सेटेलाइट स्पोर्ट, सर्वेलांस नेटवर्क व लाजिस्टिक स्पोर्ट से देश के सीमाओं पर आज हमारे सैनिक मजबूती के साथ खड़े हैं। आपरेशन सिंदूर की सफलता में मजबूत कनेक्टिविटी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। उन्होंने लद्दाख में दारबुक–श्योक–दौलत बेग ओल्डी रोड पर बनी 920 मीटर लंबी श्योक टनल, गलवान मेमोरियल, कश्मीर, राजस्थान, चंदीगढ़ समेत अन्य राज्यों के 5000 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित किए ।रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि ये प्रोजेक्ट्स सेना के बहादुर सैनिकों और बीआरओ के उन जवानों को श्रद्धांजलि हैं जो देश के लिए बिना थके काम करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इससे पहले ठत्व के इतने सारे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन कभी नहीं हुआ। रक्षा मंत्री ने कहा कि श्योक टनल इंजीनियरिंग का कमाल है। इस इलाके में हर मौसम में भरोसेमंद कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा, और यह टनल कड़ाके की सर्दियों के दौरान तेजी से तैनाती की क्षमता को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा– आज हम लद्दाख में दारबुक–श्योक–दौलत बेग ओल्डी रोड पर बनी 920 मीटर लंबी श्योक टनल का उद्घाटन कर रहे हैं। दुनिया के सबसे मुश्किल और चुनौतीपूर्ण इलाकों में से एक में बनी यह इंजीनियरिंग की अनोखी मिसाल, इस स्ट्रेटेजिक इलाके में हर मौसम में भरोसेमंद कनेक्टिविटी पक्का करेगी।

सत्य सवेरा

आजमगढ़–गाजीपुर

www.satysavera.in

2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

आजमगढ़, सोमवार,08 दिसम्बर 2025

वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के तहत निःशुल्क बृहद स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

सत्य सवेरा ब्यूरो चीफ मिर्जा तारिक बेग आजमगढ़/रिजर्व पुलिस लाइन, जनपद आजमगढ़ में आज दिनांक 07.12.2025 को वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के तहत तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद आजमगढ़ डॉ० अनिल कुमार के निर्देशन में निःशुल्क बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में होम्योपैथी विभाग के डॉ० योगेन्द्र कुमार यादव, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी आजमगढ़ एवं डॉ० वीरेन्द्र कुमार यादव, वरिष्ठ चिकित्सक, अपनी टीम सहित उपस्थित रहे और पुलिस कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं रोग निवारण हेतु आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। शिविर के दौरान 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए पैप स्मीयर एवं मैमोग्राम परीक्षण हेतु ओपोलोमेडिक्स अस्पताल, लखनऊ द्वारा निःशुल्क टेस्ट कूपन कार्ड वितरित किए गए, जिससे महिला पुलिस कर्मियों एवं पुलिस परिवारजन को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। इस कार्यक्रम में श्री मधुबन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, प्रतिसार निरीक्षक श्री रजनीकांत ओझा, पुलिस कल्याण शाखा के समस्त अधिकारीध्कर्मचारी, आरटीसी के आईटीआईध्पीटीआई, रिक्रूट महिला आरक्षी, पुलिस विभाग के विभिन्न अधिकारीध्कर्मचारी एवं पुलिस परिवारजन उपस्थित रहे तथा शिविर से लाभान्वित हुए।यह स्वास्थ्य शिविर पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं कल्याण के लिए वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन की एक सराहनीय पहल रही।

अंबेडकर महा परिनिर्वाण दिवस पर कैंडल मार्च व विचार यात्रा, शिक्षा–एकता का संदेश गूंजा

सत्य सवेरा संवाददाता / लालगंज (आजमगढ़)। डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्री रामगंज मई खरगपुर बाजार में कैंडल मार्च और अंबेडकर विचार यात्रा का भव्य आयोजन हुआ। "जय भीम, जय भारत" के नारों के साथ बड़ी संख्या में युवाओं एवं नागरिकों ने भाग लेकर बाबा साहब को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंडल मार्च बाजार क्षेत्र से होते हुए मुख्य मार्गों पर निकला गया, जिसमें प्रतिभागियों ने सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को स्वतंत्रता और शक्ति का मूल आधार बताया था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से यह विचार भी रखा गया शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो जितना पिएगा उतना दहाड़ेगा।इस संदेश ने युवाओं में ऊर्जा भरी और शिक्षा को प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी। अंबेडकर विचार यात्रा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि संविधान निर्माताओं में अग्रणी डॉ. अंबेडकर ने समाज को ज्ञान, समान अधिकार और मानवता का मार्ग दिया। आज की पीढ़ी के लिए उनके विचार मार्गदर्शक हैं और समाज को शिक्षा और एकता के रास्ते पर चलना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।आयोजन के अध्यक्ष अंकित चौरसिया 'अक्कि' ने कहा कि सामाजिक समरसता और शैक्षिक चेतना को मजबूत करना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे बाबा साहब के विचारों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। कार्यक्रम में गोविंद कुमार, किशन कुमार उपेन्दा, मोहम्मद काशिफ, सूरज यादव, विशाल कुमार, आशीष कुमार, अमित कुमार, बलवंत कुमार सहित अनेक युवक उपस्थित रहे।कैंडल मार्च व विचार यात्रा के माध्यम से क्षेत्र में शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक एकता का व्यापक संदेश गूंजा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत ठोठीया में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शिवकुमार, सत्येंद्र कुमार, अरुण कुमार, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

भीषण सड़क हादसा–एक युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

सत्य सवेरा संवाददाता

आजमगढ़ । जनपद के अहिरौला थाना अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 211 के पास हुई इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में जिंदगी से जूझ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक मोटरसाइकिल UP 50 DC 9148 पर सवार होकर आजमगढ़ से अपने घर अहरौला जा रहे थे। बताया जा रहा है कि बाइक अत्यधिक तेज रफ्तार में थी। सुबह करीब 10:30 बजे अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक आतिब (पुत्र कमालुद्दीन) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में प्रियांशु (पुत्र नखड़ू), उम्र 16 वर्ष तथा ऋषभ (पुत्र घनश्याम), उम्र 21 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही अहिरौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है।

आजमगढ़ डीएवी इंटर कॉलेज के प्रांगड़ में जिला दिव्यांग खेल प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

सत्य सवेरा संवाददाता आजमगढ़। डीएवी इंटर कॉलेज आजमगढ़ के प्रांगड़ में जिला दिव्यांग खेल प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्घाटन सुशील कुमार प्रधानाचार्य डी ए वी इंटर कॉलेज आजमगढ़ में उद्घाटन किया।इसमें मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर सुनील धनवंता जी थे। जिला दिव्यांग खेल प्रतियोगिता के सचिव श्री अजय कुमार मौर्य एवं अध्यक्ष सौरभ चंद्र अध्यक्ष जिले के दिव्यांगजन के खेलकूद के लेकर काफी उत्साह देखा गया है ।इस अवसर पर समाजसेवी सुधीर अग्रवाल एवं विशेष स्थिति श्री राजाराम वर्मा जिला निर्वाचन अधिकारी आजमगढ़ अरुण सिंह पटेल ,अवध राज यादव ,रिंकू , लल्लू राम अचल की गरिमामई उपस्थित रही । इस अवसर पर विद्यालय के गौरव तिवारी संजीव कुमार नवेंदु त्रिपाठी, संजय सिंह कार्यक्रम में सहयोग संचालन श्री सुनील विश्वकर्मा ने किया खेल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में साक्षी 100 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया अल्ताफ जावेद अल्ताफ जावेद 100 वर्ग मी प्रथम स्थान प्राप्त किया पतच सुशील कुमार ने दिव्यांगों का हौसला बढ़ाया।

ग्राम पंचायत सिधौना में विगत कई सालों से नहीं है सफाई कर्मी

सत्य सवेरा संवाददाता / लालगंज (आजमगढ़)। ग्राम पंचायत सिधौना एक बड़ा गांव है जहां विगत कई सालों से सफाई कर्मी नहीं है। सिधौना गांव और सिधौना बाजार में आए दिन कूड़ो का अंबार लगा रहता है। जिससे गांव के नाले रह रह कर जाम हो जाते हैं और नाले का पानी रोड पर आ जाता है जिससे आने–जाने वालों के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही हालत सिधौना बाजार की है जहां कूड़ो का अंबार लगा हुआ है बरसात के मौसम में तो कूड़े जगह–जगह बिखर जाते हैं। बाजार में शिवा शिव मंदिर स्थल के बगल में कई सालों से कूड़ा जमा होता जा रहा है जिससे बरसात में मंदिर के चारों तरफ कूड़ा जमा हो जाता है। सड़न के वजह से बदबू करते हैं जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है उक्त ग्राम सभा सिधौना में सिद्धेश्वरी माता जी का प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर भी है जहां मंदिर के चारों तरफ प्रतिदिन साफ सफाई की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन सफाई कर्मी नहीं रहने से सुचारू रूप से मंदिर परिसर की साफ सफाई नहीं हो पाता है इस विषय पर कई बार समाचार लिखा गया लेकिन शासन प्रशासन का ध्यान अभी तक इस विषय पर आकृष्ट नहीं हो पाया जिससे इस विषय पर लोगों में रोस व्याप्त है। जगह–जगह कूड़ो के इकट्ठा हो जाने के कारण बरसात के पानी का रास्ता भी जाम हो जाता है। जनहित को ध्यान में रखते हुए शासन प्रशासन का ध्यान पुनः इस विषय पर आकृष्ट कराया जा रहा है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान हो सके जिससे लोग इस समस्या से निजात पा सके।

अजब हाल, लेखपाल और प्रधान की मिलीभगत से नाली पर प्लेटरों ने बना दिया रास्ता

♦ ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर लेखपाल द्वारा प्रधान से बात करने की कही जा रहा बात

सत्य सवेरा संवाददाता फूलपुर(आजमगढ़)। फूलपुर तहसील क्षेत्र के सुदनीपुर के राजस्व गांव चकनूरी में लेखपाल और प्रधान की मिलीभगत से प्लेटरों ने सरकारी नाली पर प्लाटिंग के लिए रास्ता बना दिया। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। तहसील क्षेत्र के सुदनीपुर ग्राम पंचायत में लखनऊ बलिया मॉर्ग से सटे गाटा सख्या 90 राम सिंगार यादव पुत्र सूर्यबली की भूमि है। बगल में लालचंद, हरिश्चंद्र पुत्र गण बलदेव की भूमि है। इन दोनों के बीच पाँच कड़ी की सरकारी नाली नक्शा व सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। इन भूमि स्वामियों के उत्तर तरफ सटा दयाशंकर विजय शंकर पुत्र राजदेव यादव की भूमि है। जिसे क्रय विक्रय करने वालो ने खरीद लिया है। इस भूमि तक मुख्य मॉर्ग से आने जाने के लिए रास्ते की आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्लाटरो ने छ सात फुट भूमि रामसिंगार से तथा चार पाँच फुट भूमि लालचंद हरिश्चन्द से क्रय किया तथा पाँच कड़ी नाली की सरकारी भूमि को रास्ते मे मिला कर दीवाल बना ली। सरकारी नाली की भूमि पर रास्ता बनने की बात जब ग्रामीणों ने लेखपाल से कही तो लेखपाल ग्रामीणों पर भड़क गए। ग्रामीणों से बोले कि प्रधान से बात करो। मैं प्रधान के कहने पर नाली का सीमांकन किया था अब नाली की खुदाई तो नही करूंगा। पन्द्रह दिन से हो रहे रास्ता निर्माण कार्य पर कोई रोक नही लगायी गयी। गांव के किसान वर्षा ऋतु में जल निकासी की समस्या से जूझते हैं। अत्यअधिक जल जमाव व जल निकासी ना होने के कारण धान की फसल बर्बाद हो जाती है। पर किसान और ग्रामीण ना प्लाटरो की खिलाफत कर पा रहे ना प्रधान व लेखपाल की। नाम ना छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि लेखपाल सोनू गिरी लेखपाल संघ के महामंत्री है तथा सत्ता दल के बड़े नेताओ में अच्छी पकड़ है। जिसके कारण तहसील अधिकारी भी शिकायतो पर कोई कार्यवाही नही कर पाते हैं। यही नही सोनू गिरी लेखपाल कई मंडलो का प्रभार लेकर कार्य कर रहे हैं । वर्ष 1975 में बनवासी सुमिरन बरन पुत्र भीखा को गाटा सख्या 556 शबाना मॉर्ग पर भूमि आवंटित हुई थी। उन आवंटियों के वारिसों को कैफी मॉर्ग गाटा सख्या 484, 492 पर वर्तमान समय मे कब्जा करा दिया गया। कब्जे के बाद प्लाटरो को बेचवा दी गयी । शिकायत के बाद आज तक कोई कार्यवाही नही हुई ।प्राथमिक विद्यालय सुदनीपुर तक जाने वाले खड़ंजा मॉर्ग जो स्कूल तक जाता था वर्तमान प्रधान पति द्वारा स्कूल की बॉउंड्री बॉल बनाकर रास्ता प्लाटरो के लिए बना दिया गया। सब मिलाकर तहसील अधिकारियों की उदासीनता के कारण लेखपाल प्रधान की मिलीभगत से सरकारी भूमि भूमाफियाओं के हवाले कर दी जा रही है। इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी फूलपुर अशोक कुमार से बात करने पर बताया गया कि नाली और चकमार्ग या सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण नही होने दिया जाएगा। विशेष प्रगाढ़ पुनिरिक्षण का कार्य चलने की वजह से व्यस्तता के कारण तहसील मुख्यालय पर नही रह पा रहा था। राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को भेज कर जांच करा नाली की भूमि मुक्त कराई जाएगी।

थाना बरदह क्षेत्र के 93 लिस्टेड हिस्ट्रीशीटरों को तलब कर अपराध न करने की शपथ दिलाई गई

सत्य सवेरा ब्यूरो चीफ मिर्जा तारिक बेग /आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 07.12.2025 को थाना क्षेत्र बरदह के अंतर्गत लिस्टेड 93 हिस्ट्रीशीटरों को थाने पर तलब किया गया। सभी को भविष्य में किसी भी प्रकार का अपराध न करने तथा वर्तमान में अपना आचरण सही रखने की

शपथ दिलाई गई।आगामी पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए उन्हें सख्त चेतावनी दी गई कि वे अपने गाँव एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की गलत या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएँ। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि भविष्य में यदि वे किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्रवाई की जाएगी।समापन के दौरान सभी हिस्ट्रीशीटरों को अपराध न करने की शपथ दिलाई गई तथा कानून–व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प कराया गया।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बाईक डिवाइडर से टकरा गई जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल एक की मौत

सत्य सवेरा संवाददाता

माहुल(आजमगढ़)। अहरौला कस्बे के रहने वाले हरिश्चंद्र सोनकर की बहन की पुत्री की शादी शनिवार को आजमगढ़ में थी

जिसमें पूरा परिवार गया हुआ था और इन्हीं लोगों के साथ में कस्बे के मुस्लिम बस्ती निवासी कमालुद्दीन अहमद का तीसरे नंबर का पुत्र मोहम्मद आतिफ उम्र 23 वर्ष रविवार को सुबह 9:30 बजे बाइक से ऋषभ पुत्र घनश्याम 20 वर्ष प्रियांशु पुत्र हरिश्चंद्र 21 वर्ष के साथ बाइक चलाकर अहरौला के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से आ रहे थे कि दिन के करीब 10:30 बजे 212 पर पहुँचे ही थे कि अचानक बाईक अनियंत्रित हो गई और लोहे के डिवाइडर से टकरा गई जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर ही मोहम्मद आतिफ की मौत हो गई। बगल में खेत की सिंचाई कर रहे एक किसान ने मदद की और इसकी सूचना पूर्वांचल पुलिस को दी उसके बाद सूचना परिवार के लोगों को दिया गया। मौके पर पुलिस ने वहीं पर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था पिता गाड़ी चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं।।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत किशोरी को अगवा करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

सत्य सवेरा ब्यूरो चीफ मिर्जा तारिक बेग आजमगढ़ आजमगढ़ । दिनांक 25.10.2025 को थाना रौनापार पर एक नाबालिग लड़की को बहलादृफुसलाकर ले जाए जाने के संबंध में मु0अ0सं0 400/25, धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।विवेचना के दौरान दिनांक 05.12.2025 को पीड़िता को बरामद किया गया। उसके बयान धारा 180 बीएनएसएस एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 87 बीएनएस की वृद्धि की गई तथा अभियुक्त का नाम प्रकाश में आया।गिरफ्तार अभियुक्त – 1–मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद अहमद हुसैन, उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी शुक्लागंज, थाना गंगाघाट, जनपद उन्नावगिरफ्तारी का विवरण – मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सगड़ी के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रौनापार के निर्देशन में उ0नि0 शिवम मिश्र मय हमराह द्वारा आज दिनांक 07.12.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त को करखिया मोड़ से समय लगभग 11:45 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

सुभासपा ने अतरौलिया विधानसभा में निकाली एसआईआर अभियान जागरूकता रैली

पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ने दिखाई झंडी

सत्य सवेरा संवाददाता आजमगढ़। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेतृत्व में रविवार को विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के संबंध में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दो दर्जन से ज्यादा ई रिक्शा वाहनों के काफिले के साथ रैली निकाली गई। जिसे युवा मंच के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ने अहरौला थाने के सामने से पार्टी का झंडा दिखा कर रवाना किया। 11 सितम्बर तक ये रैलीअतरौलिया विधानसभा के गांव व कस्बों में घूम घूम कर एसआईआर फॉर्म भरने और अपने बीएलओ के यहां फॉर्म जमा करने के लिए मतदाताओं को जागरूक और प्रेरित करेंगे। जिससे भारतीय लोकतंत्र की ताकत और मजबूत हो सके। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ने बताया की पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर यह जागरूकता अभियान जगह–जगह

चलाया जा रहा है और मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म भरने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। मतदाताओं को विरोधी पार्टियों के द्वारा डर पैदा किया जा रहा हैं भड़काया जा रहा है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर का कहना है कि जिस तरह से देश में एक निशान एक विधान एक संविधान लागू है इस तरह से देश में एक मतदाता अपने मत का एक जगह प्रयोग करें जिससे भारत के सबसे बडे लोकतंत्र की खूबसूरती व मजबूती बनी रहे जब हमारे देश का लोकतंत्र मजबूत होगा तो देश भी और मजबूत होगा। फिर एसआईआर फॉर्म भरने के पीछे कुछ विरोधी पार्टी के नेता मतदाताओं को डरा रहे हैं, लेकिन विगत 20 सालों से तमाम ऐसे लोग जिनकी मृत्यु हो चुकी है जो गांव छोड़कर कहीं दूर जाकर बस चुके हैं या एक मतदाता अन्य जगहों पर भी मतदान कर रहा है।ऐसी समस्याओं से निजात पाने के लिए फिर एसआईआर फॉर्म भरकर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करें और अपने एक वोट की कीमत से देश के लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रयोग करें पार्टी द्वारा यह अभियान अतरौलिया में विशेष रूप से चलाया जा रहा है और अन्य जगहों पर भी पार्टी के पदाधिकारी की देखरेख में लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है। इस मौके पर रमाशंकर राजभर, संतराम राजभर, रमाकांत यादव, सोनू सिंह, पंकज गुप्ता, हर्ष सिंह मौजूद रहे।।

सत्यम गोड़
प्रधान सम्पादक

मिर्जा तारिक बेग
सम्पादक/ब्यूरो चीफ
Email -tariqbeg786@gmail-com
9838720165

संजय गोड़
प्रबंध सम्पादक

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।

थाना राजेसुल्तानपुर में थाने पर तैनात दरोगा शुभम यादव ने कि पत्रकार से अभद्रता, धमकी और फोन छीनने का गंभीर आरोप

सत्य सवेरा संवाददाता अम्बेडकर नगर जिले के राजेसुल्तानपुर थाना परिसर में कल दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच घटी एक घटना ने पुलिसिया कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र में हुई घटना से संबंधित प्रेस नोट लेने पहुंचे एक स्थानीय पत्रकार के साथ थाने में तैनात दरोगा शुभम यादव द्वारा कथित तौर पर अभद्रता, धमकी और वर्दी का दुरुपयोग किए जाने का मामला सामने आया है।सूत्रों के अनुसार, प्रेस नोट मांगने पर दरोगा शुभम यादव अचानक आग बबूला हो उठे और पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार शुरू कर दिया। आरोप है कि दरोगा ने पत्रकार की जेब से मोबाइल फोन छीन लिया, हाथ पकड़कर दबाव बनाया और धमकाते हुए कहा मेरे खिलाफ जो भी ऑडियो, फोटो या वीडियो है, अभी डिलीट कर दो वरना ठीक नहीं होगा।पीड़ित पत्रकार का कहना है कि दरोगा ने कहा डांट कर बोलाअभी यहीं थाने में बंद कर मारपीट कर तुम्हारा भूत उतर जायेगा दरोगा ने कहा इसी वक्त थाने से भाग जाओ यहां से तुम्हारे बाप का थाना नहीं है यह थाना हमारे हिसाब से चलता है वर्दी और सर्विस रिवॉल्वर का धौंस दिखाया बल्कि फर्जी मुकदमा लिखकर जेल भेजने और फंसाने की धमकी भी दी। इतना ही नहीं,

पत्रकार को अपमानित किया गया और जान से मारने तक की धमकी दी गई।घटना के बाद थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मी और अन्य लोग भी सन्य रह गए। बताया जा रहा है कि थाने में लगे ब्ब्ज्ट कैमरों में पूरी वारदात कैद हो गई है, जिसके सामने आने से स्थितियां और स्पष्ट होंगी। इस गंभीर मामले की चर्चा पूरे क्षेत्र में तेजी से आग की तरह से फैल गई है और मीडिया जगत में भी आक्रोश देखा जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है यदि वर्दीधारी अधिकारी मीडिया कर्मियों के साथ ऐसा व्यवहार करते हैं तो आम जनता के साथ कैसा सलूक किया जाता होगा, सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।पत्रकारों और सामाजिक संगठनों ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर पुलिस प्रशासन पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं और लोगों को जांच रिपोर्ट का इंतजार है

सिकन्दरपुर एसडीओ साहब ने अपने क्षेत्र में तेज किया बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का जागरूकता अभियान

सत्य सवेरा संवाददाता / बलिया। सिकन्दरपुर विद्युत उपकेंद्र के SDO साहब ने बिजली बिल राहत योजना 2025–26 को जन–जन तक पहुँचाने के लिए अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान को और तेज कर दिया है। SDO के निर्देश पर विभागीय टीम लगातार कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर उपभोक्ताओं को योजना के लाभ, पात्रता और प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दे रही है।अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को बताया जा रहा है कि सरकार की यह राहत योजना आम लोगों को आर्थिक सहूलियत देने के लिए शुरू की गई है, जिसके तहत बकाया बिलों के निस्तारण, बिल सुधार, आसान किश्तें और सब्सिडी जैसी सुविधाएँ शामिल हैं।SDO साहब स्वयं भी निरीक्षण कर रहे हैं और कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी उपभोक्ता को योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इसी क्रम में

विभिन्न मोहल्लों और गांवों में हेल्पडेस्क एवं शिविर भी लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोग इस पहल का स्वागत कर रहे हैं और बड़ी संख्या में उपभोक्ता योजना का लाभ लेने के लिए आगे आ रहे हैं। विभाग ने बताया कि जागरूकता अभियान आने वाले दिनों में और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र उपभोक्ता इससे वंचित न रहे।

शिक्षकों की आवाज लोकसभा में उठाऊंगी - प्रिया सरोज

जौनपुर टीईटी को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने सांसद प्रिया सरोज को पुनः सौंपा ज्ञापन

सत्य सवेरा संवाददाता जौनपुर । आज उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ल के नेतृत्व में लोकसभा सांसद मछलीशहर प्रिया सरोज से पुनः मिलकर प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने सांसद मछलीशहर को बताया कि जुलाई 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षक उस समय हुई भर्ती की सारी अर्हता पूरी करते हुए शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे परंतु माननीय उच्चतम न्यायालय के 1 सितंबर 2025 के निर्णय के द्वारा सभी शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता के आदेश से शिक्षकों में घोर निराशा की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिससे शिक्षक चिंतित एवं आक्रोशित है। संगठन की मांग है कि सरकार आर टी ई एक्ट में 2017 में किए गए संशोधन को रद्द करके पूर्व की भाति 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय में शिक्षकों का पक्ष रखे जिससे देश के लाखों शिक्षकों की

सेवा संरक्षित हो सके तथा सरकार द्वारा इस आशय का हलफनामा एनसीटीई के माध्यम से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल करवाए,जिससे शिक्षकों के साथ न्याय हो सके। शिक्षकों ने सांसद प्रिया सरोज जी से आग्रह किया कि आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री महोदय से हमारी माँग है कि उपरोक्त विषय के संबंध में स्पष्ट निर्देश निर्गत करने हेतु संबंधित संस्था को निर्देशित करे जिससे 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त समस्त सेवारत शिक्षकों को टी ई टी की अनिवार्यता की बाध्यता से मुक्ति मिल सके।शिक्षकों से ज्ञापन प्राप्त करते हुए सांसद प्रिया सरोज ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि यह प्रकरण मेरे संज्ञान में है और आपका ज्ञापन प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा तथा शिक्षकों की आवाज को लोकसभा में भी रखा जाएगा । इस अवसर पर कैलाश यादव,राजेश बहादुर सिंह,रामदुलार यादव, शिवेंद्र सिंह रानू, संजय सिंह,अनिल दीप चौधरी,विक्रम प्रकाश,घनश्याम मौर्य, रामकृष्ण विश्वकर्मा,इमरान,जितेंद्र यादव सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

दो युवक गंभीर रूप से घायल

सत्य सवेरा संवाददाता / लालगंज आजमगढ़। वाराणसी नेशनल हाईवे पर देवगांव कोतवाली क्षेत्र के रेतवां चंद्रभानपुर

नहर के समीप स्थित तिराहे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय लालगंज पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने 13 वर्षीय अखिलेश उर्फ छोटू पुत्र अवधेश निवासी सरौनी थाना केराकत जिला जौनपुर को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके चाचा गंभीर रूप से घायल मोनू 25 वर्ष पुत्र लौटू निवासी सरौनी थाना केराकत जिला जौनपुर को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मोनू अपने भतीजे अखिलेश के साथ गंभीरपुर थाना क्षेत्र के अनुई गांव में अपने मामा सत्येंद्र कुमार बेनवंशी के यहां घूमने जा रहा था। मृतक अखिलेश छः भाइयों में सबसे छोटा था। परिजनों के अनुसार उसके पिता राजगीर का कार्य करते हैं। हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

नारी संघ की महिलाओं के साथ 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान पर संगोष्ठी आयोजित

सत्य सवेरा संवाददाता अतरौलिया (आजमगढ़)। ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान द्वारा ग्राम पंचायत खानपुर रना में नारी संघ की महिलाओं के साथ महिला हिंसा एवं लैंगिक भेदभाव पर परिचर्चा का आयोजन किया गया । जिसमें उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि 25 नवंबर से लेकर 10 दिसंबर तक दुनिया भर में 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जाता हैं, इस दौरान ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान द्वारा भी 16 दिनों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया जाता है। हर व्यक्ति के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए समर्पित एक वैश्विक उत्सव है। 1948 में इसी दिन, संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (न्क्ष्त्) को अपनाया था । बैठक का

मुख्य उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ होने वाली विभिन्न तरह की हिंसा पर जागरूकता बढ़ाना, उनके अधिकारों की समझ विकसित करना और उन्हें अपनी आवाज मजबूती से उठाने के लिए प्रेरित करना है । उपस्थित महिलाओं को हिंसा के प्रकारों पर चर्चा करते हुए घरेलू हिंसा, मानसिक हिंसा, बाल विवाह, डिजिटल हिंसा और सार्वजनिक स्थानों पर होने वाली उत्पीड़न जैसी समस्याओं पर चर्चा किया गया जिसमें महिलाओं द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया गया । कई महिलाओं ने बताया कि समाज में आज भी हिंसा को "परिवार की इज्जत" के नाम पर छिपा दिया जाता है। उपस्थित महिलाओं को मानवाधिकार और कानूनों की जानकारी देते हुए बताया गया कि संविधान उन्हें बराबरी, स्वतंत्रता और सुरक्षा का अधिकार देता है। इसके बाद महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, महिला हेल्पलाइन 1091, 181, वन स्टॉप सेंटर और पुलिस सहायता से जुड़ी जानकारी साझा की गई।

हत्या के दूसरे दिन घटनास्थल पर धरने पर बैठी मृतक की पत्नी

पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप, मौके पर पुलिस अधीक्षक को बुलाने की मांग

सत्य सवेरा संवाददाता आजमगढ़ /पुराने जमीन विवाद के चलते शनिवार शाम करीब 6:30 बजे सिकरौड़ा पुलिया के पास बाइक सवार रजनीश पाण्डेय (45) को पांच हमलावरों ने घेरकर गोली मार दी। गोली लगते ही रजनीश सड़क पर गिर पड़े और तड़पने लगे। मौके पर पहुंची 112 पीआरवी पुलिस उन्हें जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता राघव पाण्डेय ने कोतवाली पुलिस में पांच नामजद लोगों के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है। मृतक रजनीश पाण्डेय की पत्नी रंजना पाण्डेय जिला महिला अस्पताल में एएनएम के पद पर तैनात हैं और वह परिवार सहित अस्पताल परिसर में ही रहती हैं। शनिवार को रजनीश गांव मार्रा कर्मनाथपट्टी (थाना रौनापार) से अपनी पत्नी के पास आजमगढ़ शहर लौट रहे थे। पिता राघव पाण्डेय ने तहरीर में बताया कि नगीना सिंह पुत्र भगवती सिंह, उसके तीन बेटे इन्द्रसेन सिंह, भीमसेन सिंह, उग्रसेन सिंह (सभी निवासी पुरुषोत्तमपुर बनकट, थाना मुबारकपुर) और आजम पुत्र अलीम (निवासी दाऊदपुर बाघखालीस, थाना जीयनपुर) से वर्षों से जमीन का विवाद चल रहा है, जिसका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपियों ने पहले भी पैसे और रसूख के बल पर कई बार रजनीश को जान से मारने की धमकी दी थी। एफआईआर के अनुसार,

शाम करीब 6रू30 बजे रजनीश बलरियागंज–जुनेदगंज मार्ग से सिकरौड़ा पुलिया के पास पहुंचे थे। तभी पहले से घात लगाए बैठे इन्द्रसेन, भीमसेन, उग्रसेन और आजम ने ललकारा और नगीना सिंह ने तमंचे से गोली मार दी। गोली लगने से रजनीश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए मर्चुअरी हाउस में रखवाया गया है। हेड मोहर्रिर लक्ष्मण यादव ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। वहीं इस मामले में हत्या के दूसरे दिन पत्नी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए घटनास्थल पर परिजनों के धरने पर बैठ गयी। पत्नी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस द्वारा कल बताया गया था कि मरने से पहले उसके पति ने बयान दिया था और वह बयान रिकार्ड किया गया, जिसे पुलिस ने एफआईआर में नहीं जोड़ा, इस तरह पुलिस की कार्यशैली पर कहीं न कहीं न सवाल उठ रहा है। मृतक की पत्नी ने मांग किया स्वयं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयें और पति द्वारा दिये गये बयान के बारे में बतायें।

ट्रक-डीसीएम की जोरदार टक्कर, बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल

सत्य सवेरा, संवाददाता / पीपरपुर थाना क्षेत्र के घोरहा पावर हाउस के पास रविवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। ट्रक और डीसीएम की आमने–सामने भिड़ंत के दौरान

पास से गुजर रहे बाइक सवार दंपती दिनेश गुप्ता (35) पुत्र छेदीलाल गुप्ता एवं उनकी पत्नी सुषमा (35) निवासी चंदौकी, लोहारन का पुरवा गंभीर रूप से घायल हो गए।टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनन–फानन में घायलों को सीएचसी भेंटुआ भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे में दोनों वाहनों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।सूचना पर पहुँची पुलिस ने मौके से वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया तथा आवश्यक कार्रवाई शुरू की।पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ठेंगहा में कृष्ण-रुक्मणी विवाह की झांकी ने बांधा समा

सत्य सवेरा, संवाददाता/ संग्रामपुर। ठेंगहा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के सातवें दिन रविवार को कथा पंडाल दिव्य उत्सव में बदल गया। कथा वाचक आचार्य पंडित शिव शंकर त्रिपाठी जी महाराज द्वारा श्रीकृष्ण–रुक्मणी विवाह प्रसंग प्रारंभ करते ही पंडाल तालियों, जयघोषों और फूलों की वर्षा से गूंज उठा। आचार्य जी ने देवी रुक्मणी की भक्ति, प्रेम और श्रीकृष्ण के प्रति उनके समर्पण का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार रुक्मणी ने ब्राह्मण के माध्यम से श्रीकृष्ण को विवाह हेतु संदेश भेजा। कथा में आगे कृष्ण के द्वारका से प्रस्थान, रुक्मणी हरण और शिशुपाल की सेना से

हुए संघर्ष का रोमांचकारी वर्णन भी किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालुओं में उत्साह भर गया।विवाह प्रसंग के दौरान पंडाल पारंपरिक विवाह गीतों से गुंजायमान रहा। महिलाओं ने मंगलगीत गाए, वहीं पुरुषों ने कृष्णदृरुक्मणी की शोभायात्रा में शामिल होकर नृत्य–गान से वातावरण को उत्सवमय बना दिया। रंग–बिरंगी विद्युत सज्जा, पुष्प सजावट और आकर्षक झांकियों ने विवाह उत्सव की शोभा बढ़ा दी।विवाह के दौरान पंडाल में भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।कथा वाचक ने कहा कि कृष्णदृरुक्मणी विवाह भक्ति, प्रेम, धैर्य और सत्य का संदेश देता है। रुक्मणी का समर्पण बताता है कि सच्चे हृदय से की गई प्रार्थना अवश्य फल देती है, जबकि श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मणी को स्वीकार करना दर्शाता है कि भक्ति ही परम मार्ग है। इस अवसर पर जगदीश नारायण अग्रहरि, हुकुम चन्द्र, यज्ञ नारायण तिवारी, रघुनाथ पाण्डेय, लक्ष्मी कांत, पुष्पराज सिंह, गायत्री प्रसाद, राम लखन, बजरंग प्रसाद, चित्रकूट मणि, राधेश्याम तिवारी, महादेव बरनवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ और ग्रामीण मौजूद रहे।

बलिया में सड़क की दुर्दशा को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

सत्य सवेरा संवाददाता /बलिया। खबर जनपद के बजहां गांव से है, जहां ब्राह्मणी, शंकरपुर, राम जानकी मंदिर और जननायक विश्वविद्यालय को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह–जगह गड्ढे और उखड़ी हुई रोड़ियां (गिट्टी) राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बन गई हैं।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खस्ताहालत के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। गाड़ियों के चक्के से उछलकर गिट्टियां लगने से कई लोग घायल भी हो चुके हैं। धूल और मिट्टी उड़ने से सांस संबंधी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।ग्रामीणों की प्रमुख मांगेंमंत्री जी से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांगसड़क की वजह से उत्पन्न समस्याओं से ग्रामीणों को जल्द निजात दिलाई जाएग्रामीणों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सड़क की दुर्दशा दूर की जाएउत्तर प्रदेश सरकार की पहलउत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश और बलिया के महत्वपूर्ण स्थानों के विकास के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि बजहां गांव के इस महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग को भी प्राथमिकता में शामिल कर जल्द सुधार कराया जाएगा।

राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय में द्वितीय दीक्षांत समारोह एवं अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन दिवस का भव्य आयोजन

सत्य सवेरा, संवाददाता/फुरसतगंज, अमेठी । राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय (आरजीएनएयू) में शनिवार को द्वितीय दीक्षांत समारोह एवं अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन दिवस का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापू राममोहन नायडू वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि विमानन क्षेत्र का भविष्य भारत केंद्रित है और आरजीएनएयू इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मंत्री ने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए ड्रोन इंजीनियरिंग में बी.टेकध्एम.टेक तथा एविएशन फाइनेंस में एमबीए जैसे नए कार्यक्रमों की प्रशंसा की। समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रो. अमित पत्रा, निदेशक, आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी ने कहा कि विद्यार्थी विनम्रता के साथ सीखें, साहस के साथ नवाचार करें और ईमानदारी के साथ नेतृत्व करें। उन्होंने कहा कि विमानन क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है और विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर ले जाएँगी। कार्यक्रम के दौरान देशभर से आए कुल 59 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 43 बीएमएस और 16 पीजीडीएओ शामिल रहे। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए छह छात्रों को पदक प्रदान किए गए। आरजीएनएयू वर्तमान में भारतीय विमानन उद्योग की माँग के अनुसार बी.टेक (एयरोस्पेस इंजीनियरिंग), बी.टेक (ईसीईदृएवियोनिक्स), बीएमएस (एविएशन सर्विसेज एवं एयर कार्गो), बीबीए (एविएशन मैनेजमेंट), पीजीडी एयरपोर्ट ऑपरेशंस तथा बेसिक फायर फाइटर्स कोर्स जैसे उद्योगोन्मुख कार्यक्रम संचालित करता है। समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत विमानन एवं एयरोस्पेस क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा।कुलपति प्रो. भृगु नाथ सिंह ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों और विश्वविद्यालय की उद्योग के लिए दक्ष मानव संसाधन तैयार करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आरजीएनएयू विमानन क्षेत्र के भविष्य में सार्थक योगदान देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

अमेठी में लूटकांड का सनसनीखेज खुलासा, पुलिस मुठभेड़ में तीन लुटेरे गिरफ्तार - एक मुखबिर भी पकड़ा गया

सत्य सवेरा, संवाददाता/अमेठी। मोहनगंज थाना पुलिस ने सर्राफा व्यवसायी से हुई लूट की घटना का बड़ा खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस–अभियुक्त मुठभेड़ के दौरान तीन लुटेरे दबोचे गए, जबकि पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार पर एक मुखबिर को भी गिरफ्त में ले लिया गया।गौरतलब है कि 02 दिसंबर को सोनार से लूट की यह घटना हुई थी, जिसमें अब शामिल सभी आरोपी पुलिस की पकड़ में हैं।ड्यूटी पर मौजूद पुलिस टीम को 07 दिसंबर की रात

सूचना मिली कि लूट के आरोपी चिनगाही मोड़ के पास लूटे गए माल का बंटवारा कर रहे हैं। पुलिस के पहुंचते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी आकाश विश्वकर्मा पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके दो साथियों अंकित विश्वकर्मा और शिवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ सत्यम को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया।

सम्पादकीय

सरकारी खर्च के औचित्य पर सवाल

लोकपाल का रिकॉर्ड ऐसा है, जिससे उस पर हो रहे सरकारी खर्च के औचित्य पर सवाल खड़ा हो जाता है। यह लोगों के कमजोर भरोसे का ही संकेत है कि इस संस्था के पास आने वाली शिकायतों में भारी गिरावट आ चुकी है। वैसे तो मांग बहुत पुरानी थी, लेकिन 2011 में अन्ना आंदोलन के दौरान लोकपाल की स्थापना को भारतीय व्यवस्था की हर मर्ज के इलाज के रूप में पेश किया गया। नैतिक और राजनीतिक बल के अभाव में तत्कालीन यूपीए सरकार इस आंदोलन के आगे झुकती चली गई। इस तरह ऐसे लोकपाल की स्थापना का कानून बना, जिसके जांच अधिकार के दायरे प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी सभी आते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद पहले तो इस संस्था की नियुक्ति में ना–नुकुर दिखाई, मगर आखिरकार 2019 में उसने सात सदस्यीय लोकपाल का गठन कर दिया। अब वही लोकपाल लग्जरी बीएमडब्लू कारों की खरीदारी का टेंडर निकालने के कारण विवाद के घेरे में है।जो संस्था प्रशासन एवं राजनीति को स्वच्छ बनाने के लिए गठित हुई, उसके सदस्य खुद करदाताओं के धन पर अपनी विलासिता का इंतजाम करते दिख रहे हैं, तो लोकपाल आंदोलन के अनेक समर्थक भी आवाक हैं। वैसे गुजरे छह साल में लोकपाल का रिकॉर्ड भी वैसा ही है, जिस पर ध्यान जाने पर इस संस्था पर हो रहे कुल सरकारी खर्च के औचित्य पर स्वतः सवाल खड़ा हो जाता है। यह लोगों के टूटे भरोसे का ही संकेत है कि इस संस्था के पास दर्ज कराई जाने वाली शिकायतों की संख्या में भारी गिरावट आ चुकी है।2021–22 और 2022–23 में लोकपाल के पास लगभग ढाई– ढाई हजार शिकायतें दर्ज हुई थीं, मगर उसके बाद के वर्षों में यह संख्या तीन सौ से कम रही है। स्थापना के बाद से अब तक इस संस्था के पास कुल 6,955 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, जिनमें से लोकपाल ने सिर्फ 289 में प्रारंभिक जांच का आदेश दिया और सिर्फ सात मामलों में अभियोग लगाने की इजाजत दी। इन आंकड़ों से खुद अंदाजा लग जाता है कि प्रशासन को भ्रष्टाचार मुक्त करने के मकसद में लोकपाल कितना सहायक हुआ है। हकीकत है कि भ्रष्टाचार को उजागर करने में इससे कई गुना ज्यादा कारगर आरटीआई कानून हुआ। मगर उस कानून के बावजूद इस 'रामबाण्य के लिए आंदोलन चला, जिसका ऐसा विपरीत हश्र होता दिख रहा है!

♦ वैसे तो मांग बहुत पुरानी थी, लेकिन 2011 में अन्ना आंदोलन के दौरान लोकपाल की स्थापना को भारतीय व्यवस्था की हर मर्ज के इलाज के रूप में पेश किया गया। नैतिक और राजनीतिक बल के अभाव में तत्कालीन यूपीए सरकार इस आंदोलन के आगे झुकती चली गई। इस तरह ऐसे लोकपाल की स्थापना का कानून बना, जिसके जांच अधिकार के दायरे प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी सभी आते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद पहले तो इस संस्था की नियुक्ति में ना-नुकुर दिखा, मगर आखिरकार 2019 में उसने सात सदस्यीय लोकपाल का गठन कर दिया। अब वही लोकपाल लग्जरी बीएमडब्लू कारों की खरीदारी का टेंडर निकालने के कारण विवाद के घेरे में है।जो संस्था प्रशासन एवं राजनीति को स्वच्छ बनाने के लिए गठित हुई, उसके सदस्य खुद करदाताओं के धन पर अपनी विलासिता का इंतजाम करते दिख रहे हैं, तो लोकपाल आंदोलन के अनेक समर्थक भी आवाक हैं। वैसे गुजरे छह साल में लोकपाल का रिकॉर्ड भी वैसा ही है, जिस पर ध्यान जाने पर इस संस्था पर हो रहे कुल सरकारी खर्च के औचित्य पर स्वत: सवाल खड़ा हो जाता है। यह लोगों के टूटे भरोसे का ही संकेत है

कल हो न हो के अंदाज में जी रहे भारत के युवा

अजीत द्विवेदी

भारत के प्राचीन दर्शन में कर्ज लेकर घी पीने की सलाह देने वाले ऋषि भी हुए हैं। कर्ज की मय पीकर फाकामस्ती के रंग लाने की उम्मीद पालने वाले शायर भी हुए। लेकिन भारत के लोगों ने कभी भी कर्ज लेकर घी या मय पीने को जीवन का सिद्धांत नहीं बनाया। इसकी बजाय भारत मितव्ययिता को जीवन का सार मानने वाला देश रहा। लघु बचत के मामले में भारतीयों का जवाब नहीं है। तभी जब 2008 में दुनिया भर में मंदी आई, जिसे अमेरिका के सब प्राइम क्राइसिस के नाम से जाना जाता है तो भारत पर उसका कोई असर नहीं हुआ। भारत में सब कुछ सामान्य तरीके से चलता रहा। इसका कारण भारत के आम लोगों की लघु बचत रही। ध्यान रहे भारत के बैंकों ने राजनीतिक दबाव और भ्रष्टाचार के कारण आम लोगों की बचत का बहुत पैसा लुटाया है। राजनेताओं के संरक्षण में लाखों करोड़ रुपए के बैंकिंग फ्रॉड हुए। फिर भी बैंकों की सेहत बहुत जल्दी सुधर गई क्योंकि भारत के लोग कर्ज लेकर मौजमस्ती करने की बजाय पैसे जमा करने को ज्यादा श्रेष्ठ आचरण मानते हैं।परंतु अब प्राचीन काल से चला आ रहा जीवन मूल्य बदल रहा है। अब भारत में कर्ज लेने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। दिखावे से दूर सादा जीवन और उच्च विचार के भारतीय दर्शन को नई पीढ़ी पीछे छोड़ कर वैसे ही दिखावे में दिवालिया होने की ओर बढ़ रही है, जैसे दक्षिण कोरिया के गगनम में हुआ। 'ओपन गगनम स्टाइलय गाना तो लोगों को ध्यान ही होगा। अमेरिका और लगभग समूचे पश्चिम में उपभोक्तावाद कर्ज लेकर घी या मय पीने के जीवन दर्शन पर ही फला फूला है। यह हकीकत है कि अमेरिका में औसत व्यक्ति अपने जीवन में जितना कमाएगा उतना वह कर्ज ले चुका है। सबका जीवन क्रेडिट पर चल रहा है। भारत भी उस जीवन दर्शन की ओर बढ़ रहा है। भारत तेजी से ऐसे लोगों का देश बनता जा रहा है, जिनका जीवन बैंक की किस्तें चुकाने के संघर्ष में जाया हो रहा है या आने वाले समय में होगा। आजकल हर चीज किस्तों पर उपलब्ध है। किस्तों पर आईफोन खरीदे जा रहे हैं। किस्तों पर विदेश दौरे हो रहे है और किस्तों पर शादियों के भव्य और चमकदार समारोह आय़ोजित किए जा रहे हैं। किस्तों पर बीमारियों के इलाज हो रहे हैं वह एक अलग संकट है।

अमेरिका या पश्चिमी दुनिया के मुकाबले भारत में फर्क यह है कि वहां सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं हैं, जो भारत में नहीं हैं। वहां नौकरी जाने पर अच्छा खासा बेरोजगारी भत्ता मिलता है और जल्दी ही नौकरी मिल जाने की संभावना रहती है। भारत में ऐसा कुछ नहीं है। वहां कर्ज देने की सांस्थायिक व्यवस्था है। इसके उलट भारत में जैसे नौकरी असंगठित क्षेत्र की है वैसे ही कर्ज देने की व्यवस्था भी असंगठित क्षेत्र की है। ऐप के जरिए कर्ज देने वाली कंपनियों हजारों की संख्या में हैं। जो बिना किसी कोलैटरल के किसी ऐप के जरिए इंस्टेंट कर्ज देती हैं और साल में 18 फीसदी तक ब्याज वसूलती हैं। ब्याज और कर्ज चुकाने में असफल रहने पर सोशल मीडिया में बदनाम करने से लेकर गुंडे भेज कर धमकी देने और मारपीट तक होने की घटनाएं आम हैं। ऐप के जरिए इंस्टैंट लोने देने वाली कंपनियों के कर्ज के जाल में फंसे लोगों के बदनामी के डर से आत्महत्या करने की अनेक घटनाएं हुई हैं। आम नौजवान एक से ज्यादा क्रेडिट कार्ड से दिल खोल कर खर्च कर रहा है और उसके बाद उसका बकाया चुकाने के लिए संघर्ष कर रहा है।क्रेडिट कार्ड के प्रचार और 'बाई नाऊ पे लैटस्य के सिद्धांत ने युवाओं को इस जाल में ज्यादा उलझाया है। यह इस साल का यानी 2025 का आंकड़ा है कि चार में से एक व्यक्ति यानी 25 फीसदी लोग पर्सनल लोन ले रहे हैं और उसे मौजमस्ती करने, छुट्टियां मनाने, घर की साज सज्जा कराने या मेडिकल का बिल भरने पर खर्च कर रहे हैं। यह भी 2025 का आंकड़ा है कि आज चार में से एक आईफोन किस्तों पर खरीदा जा रहा है या क्रेडिट कार्ड से खरीदा जा रहा है। शादी की तैयारी कर रहे नए जोड़ों में से 26 फीसदी ने एक सर्वे में कहा है कि वे अपनी शादी को भव्य तरीके से करने के लिए पर्सनल लोन लेंगे। इन सबका असर यह हुआ है कि कर्ज की बढ़ती मात्रा चौंकाने वाले स्तर पर पहुंच गई है। 2014 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के अनुपात में 26 फीसदी घरेलू कर्ज था, जो 2024 में बढ़ कर 41.9 यानी करीब 42 फीसदी हो गया। सोचें, घरेलू कर्ज और जीडीपी का अनुपात 10 साल में 16 फीसदी बढ़ गया। यह बैंकिंग का आंकड़ा है कि अनसिक्योर्ड खुदरा कर्ज, जिसकी वसूली मुश्किल हो रही है वह तीन से चार लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। यह जितना आम आदमी का संकट है, उतना ही बड़ा बैंकिंग और देश की वित्तीय व्यवस्था का संकट है।प्रचार और चमक दमक से प्रभावित भारत के युवा 'कल हो न होय के अंदाज में जी रहे हैं। लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति और भविष्य की संभावनाएं इसको सपोर्ट नहीं करती हैं। तभी वे लगातार कर्ज के जाल में फंसते जा रहे हैं। फीयर ऑफ मिसिंग आउट यानी फोमो सिंड्रोम युवाओं को हर वह काम करने के लिए प्रेरित कर रहा है, जो वे सोशल मीडिया में देख रहे हैं। तभी देखा देखी महंगी चीजें खरीदने, महंगे रेस्तरां में जाने, महंगी शादियां करने या छुट्टियों के लिए महंगी जगहों पर जाने की सोच से उनके ऊपर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। इसमें अगर मेडिकल इमरजेंसी हो जाए तो संकट और गहरा हो जाता है। इन सबका मिला जुला असर यह है कि वित्तीय अपराध बढ़ रहे हैं और युवाओं पर मानसिक दबाव बहुत बढ़ रहा है। अवसाद या दूसरी मेंटल हेल्थ की बढ़ती समस्य़ाओं में कहीं न कहीं इसका भी हाथ है। नौकरी की अनिश्चितता और काम का दबाव उनकी समस्याओं में और बढ़ोतरी कर रहा है।

सुहाने सफर में हादसों का खौफ

शुरुआत में आरामदेह सफर की पर्याय बनी स्लीपर बसों में जानलेवा हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लाखों की तादाद में देश में सड़कों पर दौड़ रही इन बसों पर प्रतिबंध लगाने की मांग के बावजूद इनका परिचालन जारी है। इसकी प्रमुख वजह है वैकल्पिक परिवहन संसाधनों की कमी। इन बसों के लिए मौजूद एआईएस मानकों को लागू किया जा सके, तो हादसे काफी कम हो सकते हैं। महज एक पखवाड़े के भीतर दूसरी बार एक स्लीपर बस 20 से ज्यादा लोगों की धू–धू करके सामूहिक चिता बन गई और यह कोई पहली बार दिखा डरावना मंजर नहीं है। साल–दर–साल स्लीपर बसें इसी तरीके से खौफनाक दृश्य दिखा रही हैं।

राष्ट्रीय जलमार्गों से सशक्त होता लॉजिस्टिक्स तंत्र

विजय कुमार

भविष्य के एक ऐसे भारत की कल्पना करें जहां मालढुलाई ट्रकों के बजाय नावों से हो, लॉजिस्टिक्स गलियारे राजमार्गों की जगह नदियों के किनारे बने हों और व्यापार बढ़ने के बाद भी कार्बन उत्सर्जन कम हो। ऐसा भविष्य कोरी कल्पना नहीं है बल्कि हमारी पहुंच के दायरे में है। देश को विकसित भारत और सही मायने में आत्मनिर्भर बनने के लिए अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) को टिकाऊ लॉजिस्टिक्स क्रांति की रीढ़ बनना होगा।भारत 4,000 वर्षों से नदियों के माध्यम से व्यापार करता आ रहा है। नदियों ने लोथल को रोम से, बंगाल को बर्मा से और असम को शेष दक्षिण–पूर्व एशिया से जोड़ा है। हालांकि समय के साथ सड़कों और रेलवे ने अपनी रफ्तार और स्टील की चमक से नदियों को पीछे धकेल दिया। लेकिन अब जलवायु परिवर्तन के चलते आर्थिक दबाव के इस दौर में हालात बदल रहे हैं। ऐसा नदियों के प्रति प्रेम की वजह से नहीं, बल्कि जरूरत के कारण हो रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्देशीय जलमार्ग पर अभूतपूर्व नीतिगत ध्यान दिया जा रहा है। राष्ट्रीय जलमार्गों पर 2013–14 में कार्गो की आवाजाही 18.1 मिलियन मेट्रिक टन थी जो 2024–25 में बढ़कर 145.84 मिलियन मेट्रिक टन हो गई है। जलमार्गों से माल–ढुलाई का खर्च भी कम आता है। जलमार्ग से माल–ढुलाई का खर्च 1.20 रुपये प्रति टन–किलोमीटर है जबकि रेल से 1.40 रुपये और सड़क से 2.28 रुपये प्रति टन–किलोमीटर का खर्च आता है। जलमार्ग किफायती और ईंधन–कुशल होते हैं। जलमार्ग से परिवहन पर प्रति टन–किलोमीटर केवल 0.0048 लीटर ईंधन की खपत होती है जबकि सड़क से 0.0313 लीटर और रेल मार्ग से 0.0089 लीटर खर्च होता है। यह किसी भी सप्लाई चेन मैनेजमेंट के लिए आंखें खोलने वाली बात है।सबसे महत्वपूर्ण यह है कि नदी परिवहन से प्रति टन– किलोमीटर ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन सड़क परिवहन की तुलना में महज 20 प्रतिशत होता है। गंगा या ब्रह्मपुत्र में चलने वाला हर जहाज न केवल सामान ढो रहे हैं, बल्कि भारत के कार्बन उत्सर्जन को कम करने की सजगता को भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित कर रहा है।भारत सरकार ने 2016 में राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर जलमार्ग विकास परियोजना को मंजूरी दी थी, जिससे गंगा–भागीरथी–हुगली नदी प्रणाली में कार्गो की आवाजाही बढ़ रही है। वाराणसी और साहिबगंज जैसे मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स हब राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के साथ साझेदारी में विकसित किए जा रहे हैं तथा इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईपीआरसीएल) और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआइ ईएल) के जरिये रेल लिंक बनाए जा रहे हैं ताकि नदी, रेल और सड़क को सुगमता से जोड़ा जा सके। राष्ट्रीय जलमार्ग–2 (ब्रह्मपुत्र नदी) पर जोगीघोपा आईडब्ल्यूटी टर्मिनल को मल्टी–मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) से जोड़ा जा रहा है, जो भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग और ब्रह्मपुत्र नदी के जरिये ट्रांसपोर्ट किए गए थे। इसमें 24 कंसाइनमेंट शामिल थे जो एनआरएल जेट्टी तक आसानी से और सुरक्षित रूप से पहुंचाए गए। अंतर्देशीय जल परिवहन की क्षमता अब साफ़ दिखने लगी है। असम में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) की विस्तार परियोजना का हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था। रिफाइनरी के लिए ओवर डाइमेंशनल कार्गो (ओडीसी) और ओवर वेट कार्गो (ओडब्ल्यूसी) जैसे भारी उपकरण आईडब्ल्यूएआई की देखरेख में भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग और ब्रह्मपुत्र नदी के जरिये ट्रांसपोर्ट किए गए थे। इसमें 24 कंसाइनमेंट शामिल थे जो एनआरएल जेट्टी तक आसानी से और सुरक्षित रूप से पहुंचाए गए। इससे भीड़भाड़ वाले राजमार्गों और बड़े कार्गो के लिए सड़क परिवहन की मुश्किलों से भी बचा गया। इस ऑपरेशन से पता चला कि नदी लॉजिस्टिक्स न केवल पर्यावरण के लिए अच्छा है, बल्कि यह भारत के सबसे मुश्किल औद्योगिक शिपमेंट को संभालने में भी पूरी तरह से सक्षम है। सही मायने में यह लागत–प्रभावी, सुरक्षा और सतत परिवहन का बेजोड़ मेल है।उद्योग के लिए यह अतीत की यादों में खोने या राष्ट्रीय गर्व की ही बात नहीं है बल्कि यह मार्जिन और मार्केट के बारे में है। जलमार्ग से सामान भेजना सस्ता, ज्यादा स्वच्छ और तेज होता जा रहा है क्योंकि मल्टीमोडल हब ऑनलाइन आ रहे हैं। आज की दुनिया में वैश्विक निवेशक सप्लाई चेन को केवल दक्षता के लिहाज से ही नहीं बल्कि उनके पर्यावरणीय प्रभाव को भी देखते हैं, ऐसे में नदी परिवहन को अपनाना रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। कार्बन उत्सर्जन घटाने पर भी जोर है, जिससे अंतर्देशीय जलमार्ग आधुनिक लॉजिस्टिक्स के लिए बेहतर और ज्यादा टिकाऊ विकल्प बन गए हैं। जलमार्गों के जरिये माल भेजने से कम लागत, बेहतर पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी) क्रेडेंशियल्स का दोहरा फायदा मिलता है।सामाजिक लाभ असली है। कम ट्रक मतलब कम दुर्घटनाएं, सड़कों के रखरखाव पर कम दबाव, स्वच्छ हवा और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था। नदी किनारे रहने वाले कई समुदाय जो कभी फेरी ट्रांसपोर्ट या छोटे पैमाने के व्यापार पर निर्भर थे, वे अब लॉजिस्टिक्स सपोर्ट, हैंडलिंग, वेयरहाउसिंग और अंतर्देशीय पोत्तन सेवाओं में नया रोजगार पा सकते हैं। यह व्यापार और रोजगार को बढ़ाने का एक सुदृढ़ साधन है।ऐसा नहीं है कि इसमें कोई चुनौती नहीं है। मौसम का असर नेविगेशन पर पड़ता है। कुछ हिस्सों में लगातार ड्रेजिंग की दरकार होती है। मालवाहन बेड़े भी सीमित हैं। राज्यों, बंदरगाहों और मंत्रालयों के बीच संस्थागत समन्वय भी बड़ी चुनौती है। लेकिन सरकार एंड– टू– एंड ड्रेजिंग, मल्टी–मोडल हब का विस्तार, अंतर्देशीय पोत कानून जैसी नीतियों को लागू करके इन चुनौतियों से निपट रही है। इसके साथ ही सरकार राष्ट्रीय जलमार्ग पर निजी जेट्टी बनाकार और 'हरित नौकाय्य के तहत पर्यावरण मानदंडों का पालन करके इस क्षेत्र को स्वच्छ और हरित तरीकों की ओर ले जा रही है। कार–डी (कार्गो डेटा पोर्टल), जलयान और नाविक, जल–समृद्धि, पानी और नौदर्शिका (नेशनल रिवर ट्रैफिक और नेविगेशन सिस्टम) पोर्टल जैसे डिजिटल टूल परिवहन को आसान बनाते हैं और रुकावटों को कम करते हैं।पूरी दुनिया में नदी परिवहन का विस्तार हो रहा है। डेन्यूब और राइन नदियां यूरोप का माल ढोती हैं। भारत मालवहन योग्य नदियों के समृद्ध नेटवर्क के साथ मजबूत स्थिति में है। भारत ने 2070 तक नेट–जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है, ऐसे में जलमार्ग उसके लिए विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता है। जल परिवहन दक्षता, अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी सभी के लिहाज से उयुक्त है।मुंबई में चल रहे इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में वैश्विक और स्थानीय नीति निर्माता, लॉजिस्टिक्स की दिग्गज कंपनियों से लेकर नए लोगों तक, सरकारें है।

सत्य सवेरा

लखनऊ

www.satysavera.in

5

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

आजमगढ़, सोमवार,08 दिसम्बर 2025

डबल इन्जन सरकार मे देश व प्रदेश का हो रहा चहुँमुखी विकास- केशव प्रसाद मौर्य

- विकास, कानून–व्यवस्था व एसआईआर प्रगति की उप मुख्यमंत्री ने की व्यापक समीक्षा
- मिर्जापुर दौरे में उप मुख्यमंत्री ने की बैठक, दिये सख्त निर्देश
- माँ विंध्यवासिनी के दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की
- प्रेस वार्ता मे विकास कार्यो व एसआईआर प्रगति के सम्बंध मे दी जानकारी

जिला संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद मीरजापुर भ्रमण के दौरान अष्टभुजा निरीक्षण गृह सभागार में जनपद मीरजापुर के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यो व कानून व्यवस्था के प्रगति की समीक्षा कर जानकारी ली। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने जनपद के चतुर्मुखी विकास, प्रशासनिक कार्य प्रणाली, जनता की समस्याओ का निस्तारण व जन कल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियो तक पहुंचाने तथा कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा एस0आई0आर0 कार्यो की प्रगति की भी जानकारी ली गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र, गरीब व्यक्तियो तक समय से पहुंचाए। उन्होंने हर घर नल से जल योजना में गति देने का भी निर्देश दिया। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि अवैध रूप से जमीनो, पोखरो आदि कब्जा धारको के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि महिला से सम्बन्धित अपराध करने वाले अपराधियों को कड़ी–कड़ी से सजा दी जाए ताकि पुनः महिलाओं के साथ अपराध करने की हिम्मत न हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव में मनरेगा के तहत कार्य करने वाले श्रमिको, मजदूरो का भुगतान समय से सुनिश्चित कर दिया जाए। ग्राम पंचायतो में लगने वाले ग्राम चौपालो में अधिकारियों द्वारा जन समस्याएं सुनी जाए तथा उसका त्वरित निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान व झोपड़ी मे न रहने पाए पूरी पारदर्शिता के साथ चिन्हित करते हुए आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित महिलाओं (विधवा), दिव्यांग जन जो पात्र हो, उन्हें प्राथमिकता पर आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्रीआवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना मे आवंटन व अन्य विकास कार्यो में जनप्रतिनिधिगण से भी वार्ता कर जानकारी ली जाए तथा बताए गए कार्यो पर नियमानुसार कार्यवाही

सुनिश्चित की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एन0आर0एल0एम0 समूह की महिलाओ को पोषाहार प्लांट लगाने हेतु प्रेरित किया जाए इसके अतिरिक्त भी यदि कोई छोटे–छोट प्लांटध्यूनिट लगाया गया हो या लगाना चाहती है तो उन्हें सोलर पैनल से आच्छादित किया जाए, इस योजना में उनके लिए सोलर पैनल लगवाने हेतु 90 प्रतिशत की छूट दी गई। उन्होंने जनपद में बनाए गए अमृत सरोवरो के बारे में जानकारी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इन्जन सरकार मे देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है।उप मुख्यमंत्री ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस0आई0आर0) कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति नागरिक मतदाता सूची से छूटने न पाए। पूरी पारदर्शिता के साथ शुद्ध मतदाता सूची तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है, शिफ्टेड मतदाता अथवा अपात्र का नाम मतदाता सूची से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित करे कि कोई भी घुसपैठिया किसी भी हाल में मतदाता सूची मे शामिल न हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि कोई भी बी0एल0ओ0, कर्मचारी को किसी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु मार्ग निर्देशन मांगा जाता है, तो उनकी भी सम्मानजनक रूप से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध मतदाता सूची तैयार होना महत्वपूर्ण है ताकि पात्र नागरिक मतदाता को अपने मतदान का अधिकारी मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील, ब्लाक, थाना सहित अन्य विभागो में यदि कोई जनप्रतिनिधि किसी कार्य हेतु जाता है,तो सम्मानपूर्वक उसकी बातो को प्राथमिकता पर सुना जाए तथा यदि कार्य जायज हो तो ससमय समाधान कर उन्हें अवगत भी कराया जाए, यदि कार्य नियमानुसार समाधान करने योग्य नहीं है तो उन्हें कारण सहित अवगत करा दिया जाए। बैठक में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने एस0आई0आर0 प्रगति की जानकारी लेते हुए बताया कि जनपद में 98.2 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है, शेष कार्य भी समय रहते पूर्ण करा लिया जाएगा। जनपद में वरिष्ठ अधिकारियों को लगाया गया है तो बी0एल0ओ0 से भी मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान भी करा रहे है तथा एस0आई0आर0 कार्य में प्रगति हेतु गांव/मोहल्लो में लोगो को फार्म करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री द्वारा अष्टभुजा निरीक्षण गृह में प्रेस प्रतिनिधियो से वार्ता भी की गई। उप मुख्यमंत्री ने मां विन्ध्यवासिनी मन्दिर पहुंचकर मंत्रोच्चार के साथ विधिवत दर्शन पूजन किया तथा मां विन्ध्यवासिनी देवी से समस्त देश व प्रदेशवासियो के सर्व कल्याण की कामना की। भ्रमण के दौरान बालेन्दु मणि त्रिपाठी, हेमंत सिंह, नितिन विश्वकर्मा, उदय सिंह पटेल, अशोक सिंह पटेल, दुर्गेश पटेल, शंकर सिंह चौहान के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन लाल श्रीमाली, सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमांशकर सिंह पटेल, विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्या, बृज भूषण सिंह, इंजीनियर राम लौटन बिन्द, अध्यक्ष जिला पंचायत परिषद राजू कनौजिया, विधायक घोरावल अनिल कुमार मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, सरोज कुशवाहा, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0 धर्मजीत सिंह, के अलावा अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल देश का कर रहे अहित

- डॉ. आंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर बोले सीएम

जिला संवाददाता, लखनऊ, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल न केवल भारत का अहित कर रहे हैं, बल्कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का भी अपमान कर रहे हैं।बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि प्रायः कुछ शरारती तत्व मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करते हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार महत्वपूर्ण निर्णय लेने जा रही है कि जहां भी बाबा साहेब की मूर्तियां लगी हैं, वहां बाउंड्रीवाल बनाकर उन मूर्तियों की सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही मूर्तियों पर छत्र भी लगाया जाएगा, जिससे बाबा साहेब

की मूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।सीएम योगी ने डॉ. निर्मल के उस वक्तव्य का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी, संविदा, सफाई कर्मचारियों को उचित मानदेय मिले। योगी ने कहा हमारी सरकार ने कॉरपोरेशन का गठन किया है। अगले एक–दो महीने के अंदर ही सरकार चतुर्थ श्रेणी, संविदा, सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी उपलब्ध कराएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा हमें संविधान और बाबा साहेब पर गौरव की अनुभूति होती है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने उस समय भी खतरों से जागरूक किया था। कांग्रेस के बड़े नेता का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने 1923 में वंदे मातरम गाने से इंकार कर दिया था। जब उनका अंतिम समय आया तो उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि येरूशलम में मरूं। तब बाबा साहेब ने टिप्पणी की थी कि जो व्यक्ति भारत में पैदा होकर यहां की सुविधा का उपभोग करके भी भारत की ध् ारती को पवित्र न मानता हो, उसका वक्तव्य कभी भी भारतवासियों के हित में नहीं हो सकता। अतिथियों का स्वागत आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, आंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार, महामंत्री अमरनाथ प्रजापति, कोषाध्यक्ष सत्या दोहरे आदि की उपस्थिति रही।

युवक को हनीट्रैप में फंसाकर कराया निवेश, 18 लाख ठगे

जिला संवाददाता, कानपुर। नौबस्ता में शातिरों ने पहले युवक को हनीट्रैप में फंसाया, फिर मुनाफे का झांसा देकर 18 लाख रुपये निवेश कराए। इसके बाद 12 लाख रुपए और जमा करने की बात पर उसे ठगी का अहसास हुआ। इस पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर शातिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।किदवईनगर निवासी अनुराग शाह के अनुसार बीती 18 अगस्त को उनके फेसबुक पर नंदनी ओबेराय नामक आईडी से मैसेज आया था। उसने पहले चौट फिर व्हाट्सएप पर संपर्क किया। कॉल करके बताया कि वह टेक्सटाइल कारोबार से

जुड़ी हैं। उन्हें व्यापार में काफी घाटा हुआ था, जिसे ट्रेडिंग के मुनाफे से पूरा किया है। इसके बाद बातचीत में उन्हें भी ट्रेडिंग के बारे में समझाया और निवेश का लालच दिया। बातचीत के दौरान ही रितेश व नीतेश कुमार से भी संपर्क कराया। फिर एक फर्जी पोर्टल पर निवेश करने के लिए कहा। पीड़ित के अनुसार पहले ट्रेड में उसने 20,000 रुपये निवेश कर उसने सात सितंबर को 62,233 रुपये लाभ दिखाकर रकम वापस कर दी। इससे उनका विश्वास बढ़ा और आठ सितंबर से दोबारा बड़े ट्रेड शुरू करवाए।एडवांस कमीशन, डॉलर में जमा राशि व नियम–शर्तों के नाम पर विभिन्न यूपीआईडी और बैंक खातों में उनसे रकम जमा कराई जाती रही। शातिरों की बातों पर भरोसा कर उसने बैंक एफडी तोड़कर 18 लाख रुपये बताए खातों में भेज दी। पोर्टल पर लाभ की राशि बढ़ती दिखी तो उनसे और अधिक पैसा जमा करने का दबाव बनाया गया। आखिरी में नंदनी ने कहा कि 12 लाख रुपये एडवांस जमा करने पर ही ट्रेडिंग का पूरा रुपया निकाल सकते हैं। उसकी इस बात पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ। इस पर साइबर हेल्पलाइन 1930 और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में तीन की दर्दनाक मौत, परिजनों में कोहराम

जिला संवाददाता, कानपुर। तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आकर अलग–अलग हादसों में तीन लोगों की जान चल गई। चकेरी में प्रापर्टी डीलर को तेज गति वाहन ने रौंद दिया। वहीं नौबस्ता में वैन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई, जबकि बाबूपुरवा में मंदिर में पूजा करके लौट रही वृद्धा वाहन की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गई, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।चकेरी के तिवारीपुर निवासी 55 वर्षीय प्रापर्टी डलीर अशोक कुमार पाल दो साल से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। परिवार में पत्नी कुसमा देवी, बेटा रवि व बेटी आरूषि है। छोटे भाई धीरेंद्र ने बताया कि रवि एयरफोर्स चेन्नई में तैनात है। शनिवार उन्हें चेकअप के लिए लखनऊ जाना था। उससे पहले सुबह वह किसी जरूरी काम से बाइक से निकले थे। वह मवैय्या मोड़ पर पहुंचे थे, तभी किसी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर घायल अशोक की मौके पर ही मौत हो गई। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम भेजा। परिजनों में कोहराम मचा है। वहीं नौबस्ता के राजीव विहार मछरिया रोड निवासी 74 वर्षीय रामादेवी लोगों के घरों में खाना

पकाने का काम करती थी। दामाद मनोज ने बताया कि बीती दो दिसंबर की सुबह वह किदवईनगर जंगली देवी मंदिर से दर्शन कर काम पर जा रही थीं, तभी बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। राहगीरों ने उन्हें हैलट में भर्ती कराया था। परिजन भी तलाश करते हैलट पहुंचे थे। शनिवार भोर पहर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। नौबस्ता बंबा रोड हुए हादसे में बिधनू के भैरमपुर गांव निवासी 50 वर्षीय राम सिंह की मौत हो गई। बंबा रोड स्थित सब्जी मंडी से वह बकरी के लिए हरा चारा लेकर साइकिल से घर जा रहे थे। तभी नौबस्ता से रमईपुर की ओर जा रही वैन ने हाईवे पर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वैन छोड़कर मौक से भाग निकला। नौबस्ता पुलिस ने बताया कि वैन को कब्जे में लेकर चालक के बारे में पता किया जा रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्यमन्त्री गिरीश चन्द्र यादव के पिता जी के निधन पर व्यक्त किया गहरा शोक

जिला संवाददाता, लखन। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव जी के जौनपुर स्थित निज निवास पर पहुँचकर उनके दिवंगत पूज्य पिताश्री के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा परिजनों से भेंट कर अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुये शोक संतप्त परिजनो के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

देश का नारा जय जवान, जय किसान, जय संविधान होना चाहिए

- डॉ. आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर अखिलेश ने उठाई मांग

जिला संवाददाता, लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर नई मांग उठाते हुए कहा है कि देश का नारा जय जवान, जय किसान, जय संविधान होना चाहिए। अखिलेश यादव ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किया संविधान को लेकर कोई पक्ष–विपक्ष नहीं होना चाहिए। सब एक तरफ एक मत होने चाहिए। संविधान सिर्फ किताब नहीं बुनियाद भी है। एक लोकतंत्र के लिए सबसे दुखद बात ये है कि संसद में संविधान को बचाने पर बहस हो रही है, जबकि संविधान के हिसाब से देश को आगे बढ़ाने की चर्चा होनी चाहिए। संविधान पर संकट का आना दरअसल लोकतंत्र पर संकट का छाना है। जो संविधान को कमजोर करना चाहते हैं, वो लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं और लोकतंत्र के विरोधी वही होते हैं जो एकतंत्र लाना चाहते हैं। संविधान हक देता है, और जो हक मारना चाहते हैं, वो संविधान को नकारने की कोशिश करते हैं। उन्होने लिखा मैंने कई बार कहा आज फिर कह रहा हूँ। संविधान ही संजीवनी है। इसमें देश को अच्छा करने की, अच्छा रखने की शक्ति है। संविधान लोकतंत्र का कर्म ग्रंथ होता है। इसीलिए हमारे लिए संविधान कर्म ग्रंथ है। देश संविधान से चलना चाहिए, मन–विधान से नहीं। संविधान ही पीडीए का प्रकाश स्तंभ है क्योंकि संविधान ही व्यक्ति की गरिमा और प्रतिष्ठा

को सुनिश्चित करता है। यह पीडीए समाज को शोषण, उत्पीड़न से बचाता है और शोषकों को यही सजा दिलवाता है। इसीलिए हम पीडीए वालों के लिए आखिरी उम्मीद का नाम संविधान है। अखिलेश यादव ने कहा, संविधान ही हमारा रक्षा कवच है। संविधान ही हमारी ढाल है। संविधान है तो सुरक्षा है। संविधान है तो शक्ति है। संविधान ही देश की 90 प्रतिशत शोषित, उपेक्षित, पीड़ित, वंचित जनता के अधिकारों का सच्चा संरक्षक है। संविधान ही सबसे बड़ा मददगार है। इसीलिए पीडीए के लिए संविधान की रक्षा जनम–मरण का विषय है। जो संविधान नहीं मानते, उनके लिए यह कोरा पन्ना है। संविधान ही लोकतंत्र की प्राणवायु है। संविधान को निष्क्रिय करना स्वतंत्रता को निष्क्रिय करना होता है। संविधान को परतंत्र बनाकर जो लोग राज करना चाहते हैं, उनके लिए आजादी का अमृतकाल भी सिर्फ एक जुमला है। अखिलेश यादव ने कहा अंत में मैं सिर्फ यह कहना चाहूँगा कि संविधान बचेगा तो न्याय बचेगा और न्याय बचेगा तभी सबको बराबर मान, सम्मान, सबको बराबर मौके मिलेंगे, भेदभाव भी मिटेगा और भेद का भाव भी। इसीलिए आज फिर से संविधान को बचाने के लिए एक और करो या मरो आंदोलन की जरूरत है। सबको स्थान–सबको सम्मान देने की आवश्यकता है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने डा0 भीमराव आंबेडकर की परिनिर्वाण दिवस पर अर्पित की विनम्र श्रद्धांजलि

जिला संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महान विधि वेत्ता एवं सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाने वाले, संविधान शिल्पी भारत रत्न, बाबा साहब डा० भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र व आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की है। केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को अपने कैम्प कार्यालय 7–कालिदास मार्ग पर डा 0 भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सपनों को भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की दोनों सरकारें मिलकर सबका साथ, –सबका विकास–सबका विश्वास के मूल मंत्र के

साथ लेकर साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इन्जन सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसके द्वारा सभी गरीबों के हित के कार्य हो रहे हैं तथा चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के विचारों व आदर्शों का न केवल अनुकरण करना चाहिए, बल्कि आत्मसात भी करना चाहिए। डा0 भीमराव अम्बेडकर के जीवन और संघर्षो की याद ताजा की और उनके योगदान को सराहा।बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के विचार हमें समानता, न्याय और सामाजिक समरसता की दिशा में दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ने की हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने डा0 अम्बेडकर के आदर्शो को अपनाने का आह्वान किया और समाज में समानता और न्याय को बढ़ावा दिये जाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि बाबा साहब कि पूरा जीवन ही एक सन्देश है।

सत्य सवेरा

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

प्रादेशिक न्यूज

www.satysavera.in

आजमगढ़, सोमवार,08 दिसम्बर 2025

लोकतंत्र की मजबूती के लिए एसआईआर जरूरी

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कुंडी खटकाओ अभियान के तहत डोर टू डोर संपर्क किया

बाराबंकी। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर से देश के लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि यह एक अत्यधिक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें मतदाताओं और सरकारी कर्मचारियों (बीएलओ) की पूरी मदद सुनिश्चित करनी है ताकि किसी को भी कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण इसके पहले देश और प्रदेश में कई बार हो चुका है। प्रदेश में 2003 में चुनाव आयोग एसआईआर करवा चुका है तब विपक्ष के पेट में दर्द क्यों नहीं हुआ।उन्होंने कहा एसआईआर मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया है जिसके जरिए देश में घुसपैठिए के रूप में रह रहे अनधिकृत विदेशियों को देश से बाहर निकालने में मदद मिलेगी। उन्होंने एसआईआर को राष्ट्र की सुरक्षा के लिए बेहद अहम बताया। उन्होंने फॉर्म 6, 7 व 8 की चर्चा करते हुए इसकी उपयोगिता समझाई।

उन्होंने अभियान से जुड़े सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से शेष दिनों में लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूरी ऊर्जा लगाने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय, प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत, जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, राज्यमंत्री सतीश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, भाजपा उजिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ विवेक सिंह वर्मा, संतोष सिंह, शशांक कुसुमेश, अरविंद मौर्य, अमरीश रावत, रामकुमारी मौर्य, शीलरत्न मिहिर, संदीप गुप्ता, धर्मेंद्र यादव सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डोर–टू–डोर पहुंचे डिप्टी सीएम

बाराबंकी। समीक्षा बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सीधे जनता के बीच पहुंचे, जहाँ उन्होंने 'कुंडी खटकाओ अभियान' के तहत एसआईआर प्रक्रिया के लिए जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने नानमऊ के बूथ संख्या 271 एवं 272 पर डोर–टू–डोर संपर्क अभियान के दौरान लोगों से बातचीत की। उन्होंने मतदाताओं को एसआईआर के महत्व के बारे में बताया। इस बीच उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्ध करते किसानों से संवाद किया और ताजा सब्जियां खरीदी।

डॉ.अम्बेडकर को श्रद्धांजलि देना भूले डिप्टी सीएम

बाराबंकी। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक शनिवार को बाराबंकी जनपद थे। इस दौरान उन्होंने जिला मुख्यालय पर स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित एसआईआर की बैठक को सम्बोधित किया। इससे पहले उन्होंने जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

31 मार्च 2025 के बाद भुगतान करने वाले बकायेदार भीहोंगे लाभान्वित–श्री शर्मा

सत्य सवेरा ब्यूरो प्रमुख जौनपुर । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एक और बड़ी राहत प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पहले 31 मार्च 2025 के बाद आंशिक भुगतान कर चुके उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया था, जिससे अनेक उपभोक्ता योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। विभिन्न जनपदों के दौरे और विद्युत बिल राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ताओं ने मंत्री श्री शर्मा से आग्रह किया कि अप्रैल, मई, जून आदि महीनों में उन्होंने कुछ न कुछ भुगतान अवश्य किया है, किंतु फिर भी उनका काफी बकाया शेष है, इसलिए उन्हें भी योजना का लाभ दिया जाए। उपभोक्ताओं की इस पीड़ा और वास्तविक स्थिति को समझते हुए ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने अत्यंत संवेदनशीलता के साथ अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए कि ऐसे सभी उपभोक्ताओं को योजना के लाभ से वंचित न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार का उद्देश्य अधिकतम लोगों को राहत देना है, इसलिए भुगतान कर चुके किन्तु अब भी बकायेदार उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिलना चाहिए।ऊर्जा मंत्री के निर्देशों के क्रम में अब 30 नवंबर 2025 तक भुगतान करने वाले ऐसे सभी उपभोक्ताओं को भी विद्युत बिल राहत योजना में शामिल कर लिया गया है। इस निर्णय से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक बोझ में बड़ी कमी आएगी।जनहित में लिए गए इस महत्वपूर्ण फैसले से प्रदेशभर के उपभोक्ताओं ने ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने वास्तव में जनता की परेशानी को समझा और राहत प्रदान करने का सार्थक प्रयास किया है। सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम उपभोक्ता हित और संवेदनशील प्रशासन की स्पष्ट मिसाल है।



एयर क्वालिटी सुधरी तो गलन बढ़ने गली

लखनऊ में सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज, सामान्य से कम दर्ज हो रहा पारा

लखनऊ। लखनऊ में इस सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ है। एयर क्वालिटी में भी हल्का सुधार आया तो गलन बढ़ गई है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से कम दर्ज हो रहा है। शनिवार को सुबह हल्की धुंध रही। गलन का असर भी बना रहा। इसके बाद मौसम साफ हो गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि लखनऊ का अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री के आसपास दर्ज किया जाएगा।शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 0.8 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.5 डिग्री कम कम रहा। अधिकतम आर्द्रता 71 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 24 फीसदी रही।लखनऊ में सुबह के समय में वायु प्रदूषण का स्तर मॉडरेट लेवल में बना हुआ है। 6 मॉनिटरिंग स्टेशनों का औसत एक्यूआई #44 है। तालकटोरा 182, लालबाग 138, अंबेडकर यूनिवर्सिटी 138, अलीगंज 148, गोमतीनगर 133 और कुकरैल में 133 एक्यूआई दर्ज किया गया है। शुक्रवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी की तरफ से जारी आंकड़े के मुताबिक लखनऊ का एक्यूआई#50 के साथ में यलो जोन में बना रहा।फिलहाल बढ़ेगा पारामौसम विभाग के मुताबिक राजधानी समेत पूरे प्रदेश में एक बार फिर से हवा के रुख में बदलाव आया है। शुक्रवार से लखनऊ में अरब सागर की ओर से आने वाली नम दक्षिणी–पश्चिमी हवाएं चल रहीं। इसके असर से अगले तीन दिन तक पारे में क्रमिक तौर पर 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़त के संकेत हैं।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि लखनऊ में हवा की दिशा बदलने और नम हवाओं के असर से अब तापमान में बढ़त होगी। इन हवाओं के कमजोर पड़ते ही तापमान में फिर से गिरावट का दौर आएगा।

दिव्य कला प्रदर्शनी में शिव–शक्ति और नारायण

प्रदर्शनी देख बोले लोग– भाषा सिर्फ शब्दों से नहीं बनती ब्रश और रंग भी बोलते हैं

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दिव्य कला प्रदर्शनी लगी। शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्व विद्यालय की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी में दिव्यांगों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। मनुष्य और प्रकृति को दर्शाती पेटिंग ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। शिव–शक्ति और भगवान श्री हरि नारायण की पेंटिंग को भी लोगों ने जमकर पसंद किया।3 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया था। दिव्यांगों की प्रतिभा की जमकर सराहना की थी। मूकबधिर युवती द्वारा बनाई गई अपनी बेहतरीन पेटिंग पर ऑटोग्राफ दिया था।शिवानी वर्मा बोल नहीं पातीं, लेकिन शानदार पेंटिंग बनाती हैं। 23 वर्षीय शिवानी वर्मा जन्म से ही मूकबधिर हैं। वह मास्टर इन विजुअल आर्ट्स की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। प्रकृति, सामाजिक बुराइयों आदि विषयों पर आधारित शानदार पेंटिंग बनाए। प्रदर्शनी में लगी उनकी कई पेंटिंग्स ने सबको प्रभावित किया।शिवानी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शानदार पेंटिंग बनाई थी। प्रदर्शनी में उसे देखकर योगी आदित्यनाथ काफी खुश हुए। उन्होंने पेंटिंग की सराहना की और उस पर ऑटोग्राफ दिया। शिवानी की मां सुरभि वर्मा ने बताया– जब शिवानी 3 साल

की थी तब पता चला कि वह सुन और बोल नहीं सकती है। हम लोग गाना बजाते थे और जमीन पर सामान गिराकर आवाज करते थे, लेकिन शिवानी आवाज की ओर ध्यान नहीं देती थी।इसको लेकर हम लोग काफी परेशान हुए। डॉक्टरों को दिखाया। इलाज कराया, लेकिन सफलता नहीं मिली। हम लोग उसके भविष्य को लेकर चिंतित रहने लगे, लेकिन उसका स्कूल में दाखिला करा दिया। वह पढ़ने में अच्छी थी। पढ़ाई के साथ–साथ वह पेंटिंग भी करने लगी। आज लगता है कि शिवानी अपने मुकाम पर पहुंच रही है।सुरभि ने बताया कि छोटी बेटी 16 साल की है। वह भी मूकबधिर है। वह भी पढ़ाई कर रही है। उन्होंने कहा कि बड़ी बेटी शिवानी की पेंटिंग को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सराहा है। छोटी बेटी भी अच्छा कर रही है। उम्मीद है कि उसकी प्रतिभा का भी लोग लोहा मानेंगे।25 वर्षीय मयंक वैश्य सुन और बोल नहीं पाते हैं, लेकिन शानदार पेंटिंग करते हैं। उन्होंने भी प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। रंगों से खेलने की उनकी अद्भुत क्षमता ने हर दर्शक को रोक लिया। उनकी पेंटिंग्स में इतनी गहराई थी कि लगता था जैसे कोई अनकही कहानी सीधे दिल में उतर रही हो।

पेपर दिया, पानी पीया गिरा फिर उठा ही नहीं बेटा

लखनऊ।लखनऊ में छठवीं(12 साल) के एक छात्र की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उसका पेपर चल रहा था। इंग्लिश का पेपर खत्म होने के बाद कॉपी जमा की। लौटकर अपनी सीट पर आकर बैठ गया। बॉटल उठाकर पानी पीया, बॉटल रखी और सीट से नीचे गिर पड़ा। दूसरे बच्चों ने देखा तो टीचर्स को बुलाया।टीचर्स छात्र को स्कूल में ही उसे काफी देर तक फर्स्ट एड देते रहे। उसके बाद स्थिति जब समझ में नहीं आई तो पास के अस्पताल पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने सीपीआर#दिया लेकिन बॉडी में कोई हरकत नहीं हुई। इसके बाद डॉक्टरों ने ब्रॉट डेड (मृत ही लाया गया) घोषित कर दिया।पूरा मामला महानगर स्थित मोंटफोर्ट इंटर कॉलेज का है। मृत छात्र की पहचान स्प में कार्यरत संदीप सिंह के बेटे अमय सिंह के रूप में हुई। इस डेथ के बाद अमय के पिता संदीप, मां मधुरिमा और बाबा पूरी तरह से टूट गए हैं। पिता कह रहे कि किसी को क्या दोष दूं? मेरी किस्मत ही खराब है।टीम ने डॉक्टरों से भी पूछा कि इसमें कितनी पॉसिबिलिटी है कि न्यूरो की समस्या वाले को हार्ट अटैक आ सकता है।

विपक्ष पर भड़के बृजेश पाठक

समाजवादी पार्टी सरकार में पूरा तंत्र माफियाओं की जेब में था, सपा को बताया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने शनिवार को भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी, जमीयत उलेमा–ए–हिन्द के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी और अन्य विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला। एसआईआर को लेकर आयोजित इस प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि सपा अपनी संभावित हार के डर से बौखलाई हुई है और अनर्गल बयानबाजी कर रही है। मदनी के हालिया 'जिहाद' बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि जिहाद करने वालों को ऊपर वाला माफ नहीं करेगा। उन्होंने जिन्ना का उदाहरण देते हुए कहा कि देश के बंटवारे में उनकी भूमिका जगजाहिर है। लेकिन जिन्ना का अंतिम समय आया तो जिस एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, उसका पेट्रोल खत्म हो गया। ऐसे लोगों को ऊपर वाला माफ नहीं करता। पाठक ने सपा को "प्राइवेट लिमिटेड कंपनी" बताते हुए कहा कि इन लोगों ने अपने शासनकाल में "प्लांट कब्जाने से लेकर बहन–बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ तक का खेल खेला है। उन्होंने दावा किया कि भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने का सबसे बड़ा प्रयास फर्जी वोटरों के जरिए हुआ है। पाठक बोले, "भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची का सघन पुनरीक्षण अभियान शुरू किया है। अब असली जनादेश सामने आएगा। आप बिहार देख लीजिए 65 लाख फर्जी नाम मिले थे। यूपी में भी 14–15 साल के लड़कों को वोटर बनाया गया है। डिप्टी सीएम यहीं नहीं रुके। उन्होंने सपा के पुराने कार्यकाल पर निशाना साधते हुए कहा, उन्होंने तो अपनी सरकार में 'वन जिला–वन माफिया' लागू कर दिया था। कानून–व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं थी। पूरा तंत्र माफियाओं की जेब में था। देश के विकास पर बात करते हुए पाठक ने कहा कि आज भारत दुनिया में डिजिटल लेन–देन में नंबर वन है। यह नया भारत है। यह वही देश है जिसे कभी गरीब माना जाता था, आज तकनीक में अग्रणी है। पाठक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार सबका साथ–सबका विकास की नीति पर चल रही है। सभी पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। भारत आज ब्रह्मोस मिसाइल बना रहा है और डिजिटल लेनदेन में दुनिया में नंबर एक है। सोशल मीडिया पर वायरल खबरों को लेकर जब अखिलेश यादव के अयोध्या न जाने पर सवाल पूछा गया तो डिप्टी सीएम बोले कि वह जाएंगे भी नहीं। ये तुष्टीकरण वाली राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे भगवान

में विश्वास नहीं रखते तो रस्में क्यों करते हैं।अभी घर में शादी हुई तो फेरे लेते दिखे। अगर मानते नहीं तो चार लाइन नमाज़ पढ़कर निकाह करा लें। बाराबंकी में यह प्रेस वार्ता एसआईआर से जुड़े मुद्दों पर आयोजित की गई थी, जहां डिप्टी सीएम ने कई राजनीतिक सवालों पर खुलकर अपनी बात रखी।

जिला निर्वाचन अधिकारी का गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य का औचक निरीक्षण

सत्य सवेरा संवाददाता जौनपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में मेगा डिजिटाइजेशन दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र के नेतृत्व में आज जनपद के अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले बूथों पर ईआरओ, एईआरओ एवं नोडल अधिकारियों द्वारा गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य का औचक निरीक्षण किया गया, जहां अधिकारियों द्वारा बूथों पर उपलब्ध संसाधनों, कार्मिकों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली तथा डिजिटाइजेशन की गति का विस्तृत अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बढ़ाई गई ईन्यूमरेशन अवधि के अंतर्गत 11 दिसम्बर 2025 तक गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जानी है। जनपद की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में ईएफ फॉर्म वितरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है।

सत्य सवेरा

उत्तर प्रदेश

www.satysavera.in

7

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

आजमगढ़, सोमवार,08 दिसम्बर 2025

देश को जहर पिला रही भाजपा :अजय राय

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय शुक्रवार को मेरठ पहुंचे। यहां वो जहर खाने वाले बीएलओ मोहित चौधरी से मिलने लोकप्रिय अस्पताल पहुंचे। उन्होंने दैनिक भास्कर से लंबी बातचीत में कई सवालों के जबाव भी दिए।अजय राय ने कहा– कांग्रेस पार्टी सभी बीएलओ के साथ है। 14 दिसंबर को पार्टी एक बड़ी रैली करने जा रहे है। वाराणसी में जहरीला कफ सिरप बेचने वालों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन कब होगा। मोदी जी ने पूरे वाराणसी को बर्बाद कर दिया है। योगी जी अपने कठोर फैसलों की बात करते हैं तो बच्चों को जहर पिलाने वालों के खिलाफ कठोर एक्शन कब होगा।उन्होंने ये भी कहा कि दुनिया के किसी देश में जहां डेंस पापुलेशन है वहां शहर के बीच रोप–वे नहीं होता। लेकिन बनारस शहर में रोपवे बन रहा पूरा शहर बर्बाद कर दिया। गंगाजी की सफाई के नाम पर आज भी 18 नाले गंगाजी में गिर रहे हैं। एसआईआर#की प्रक्रिया पहले भी देश में हुई है। बेहद आसानी से हुई करीब सालों की प्रक्रिया हो रही है। लेकिन ये एसआईआर की प्रक्रिया एक जल्दबाजी का निर्णय है। ऐसे तो नहीं चलेगा, ये सारी चीजें बहुत दबाव वाली हैं। इससे पूरा सिस्टम कोलेप्स कर रहा है। जितनी भी घटनाएं घटी हैं ये सब इसको बताती हैं।बीएलओ सुसाइड कर रहे हैं। सरकारी तंत्र का पूरी तरह से मनोबल तोड़ा जा रहा है। उनसे कहा जा रहा है कि फोर्थ क्लास में नौकरी मिलेगी। मैं इन सभी के दरवाजे पर जा रहा हूं। लेकिन देखने से साफ लग रहा है कि बीएलओ से दबाव में लेकर उल्टे सीधे काम कराए जा रहे हैं।उनसे जबरने भाजपा विरोधी लोगों के वोट कटवाए जा रहे हैं। बीएलओ बहुत डरे हुए हैं। हम उनके साथ हैं। सबसे बड़ी विडंबना ये है कि पहले लोगों को सरकारी नौकरी मिलती थी तो लगता था कि मेरे परिवार का उद्धार हो जाएगा। लेकिन अब सरकारी नौकरी और ऐसे काम उनके लिए अभिशाप हो गई है। एसआईआर का काम एक सही तरीके से एक लंबी प्रक्रिया है, जिसको सही से कराया जाए। ताकि लोगों को इसका लाभ मिले।वाकई भाजपा सरकार विपक्ष से डरी हुई है। यूपी तो अकेले इतना बड़ा राज्य है, यहां काम करने के लिए ज्यादा वक्त चाहिए। इसकी तुलना छोटे राज्यों या वहीं की आबादी से नहीं कर सकते। यूपी को पहले ही अभियान के लिए ज्यादा समय मिलना चाहिए था। लेकिन सरकार उतना समय नहीं दे रही, इससे स्पष्ट है कि यहां एसआईआर में गड़बड़ी हो रही है।बिल्कुल वहां बदलाव हुआ है। देखिए ये बदलाव है कि अब वहां प्रधानमंत्री के रहते हुए वहां बच्चों को जहर पिलाया जा रहा है। मोदी जी के आने से पहले वहां जहरीली कफ सिरप का काम नहीं चलता था। अब चल रहा है। ये बहुत बड़ी बात है क्योंकि दवा के नाम पर जहर दिया गया है।डेवलपमेंट में देखिए उन्होंने रामनगर में बंदरगाह बनवाया उसमें कितनी जहाजें गई हैं पता करा लीजिए। एक टीएफसी सेंटर बनाया है उसमें कितने रोजगार मिले हैं। रुद्राक्ष हॉल में कितने आयोजन हुए हैं। बनारस में कितनी फैक्ट्री लगी है कोई सिंगल नहीं लगा है। जिस अमूल की बात करते हैं वो भी 2016 का आया हुआ है मोदी जी ने केवल उसका फीता काटा है। वो भी पहले का आया हुआ है।एक वहां रोपवे बन रहा है। दुनिया के किसी देश में जहां डेंस पापुलेशन है वहां शहर के बीच रोप–वे नहीं होता। लेकिन बनारस शहर में रोपवे बन रहा पूरा शहर बर्बाद कर दिया। गंगाजी की सफाई के नाम पर आज भी 18 नाले गंगाजी में गिर रहे हैं।मैं काशी विश्वनाथ, बाबाजी का भक्त हूं इसलिए बता रहा हूं आज भी 18 नाले गंगाजी में गिर रहे हैं। काशी में सौंदर्यीकरण के नाम पर वहां का अक्षयवटवृक्ष जो देश में कुल 3 अक्षयवटवृक्ष हैं एक बोधगया, एक प्रयागराज और एक बनारस का उसे काट दिया गया। सारे मंदिर, शिवालय तोड़ डाले। बीएचयू अस्पताल का बुरा हाल है, कैंपस में पत्थर चल रहे हैं।कोई नया अस्पताल, विश्वविद्यालय, कारखाना, कॉलेज नहीं बना। सारे कारखाने गुजरात चले गए। बनारस को उन्होंने केवल ठगने का काम किया है, बनारस के लोगों को वो केवल ठग रहे हैं। पूरे गुजरात को डवलप किया बनारस को केवल बर्बाद किया है वहां के लोगों से झूठ बोला है और उनको ठगा है।ये नरेंद्र मोदी जी की तानाशाही है। पहले ऐसा नहीं था भाजपा के समय भी अटल बिहारी जी के समय भी विपक्ष के लोगों से मिलवाया जाता था। एलओपी को मिलवाया जाता है। मैं पुतिन का स्वागत करता हूं लेकिन नरेंद्र मोदी जी उनसे क्यों नहीं मिलने दे रहे हैं ये वो ही जानें। मोदी जी तो जनता से घबराए हुए हैं। सरकार ने इतनी तेजी से एसआईआर अभियान शुरू करा दिया, बिना ट्रेनिंग के बीएलओ फील्ड में उतार दिए, क्या ये सब आगामी पंचायत, विधानसभा और लोकसभा चुनाव की वजह से किया है?भाजपा सरकार विपक्ष से घबरा गई है। इसका परिणाम वो 2024 में देख चुकी है। अनट्रेंड बीएलओ, सफाईकर्मी तक की ड्यूटी लगा दी गई है। इसलिए जल्दबाजी क्योंकि फर्जीवाड़ा करना है। ये एसआईआर एक जल्दबाजी का निर्णय है। एमए, बीएड किए हुए को डीएम कहते हैं कि आपको फोर्थ क्लास की नौकरी मिलेगी।बीएलओ से उल्टे, सीधे काम सरकार कराना चाहती है। एसआईआर में 3 से 4 महीने का समय देना चाहिए, इसकी समीक्षा करनी चाहिए। नोटबंदी, जीएसटी लागू, लॉकडाउन सब सरकार की जल्दबाजी के निर्णय थे फेल



हुए वैसा ही अब एसआईआर में हो रहा है। ज्ञानेश कुमार और भाजपा मिलकर लोकतंत्र का गला घोंटने की मंशा से लगे हुए हैं। लेकिन हम ये होने नहीं देंगे। श्रीप्रकाश जी हमारे बड़े नेता रहे हैं,पूरी कांग्रेस पार्टी हम सभी दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़े हैं। मैं अभी वेस्ट यूपी में हूं इसलिए मैं उनके परिवार से नहीं मिल पाया हूं, 7 तारीख को मैं परिवार से मिलने जाऊंगा।भाजपा की सरकार में नीचे से ऊपर तक भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा हो रहा है। मेरठ ही नहीं वाराणसी में आप देखिए क्या हो रहा है। हर जगह यही हाल है। राज्यमंत्री ने जिस तरह दलितों की जमीनों को झपटा है उसको लेकर हम शिकायत करेंगे, इस मामले को कोर्ट तक ले जाएंगे। अभी 14 दिसंबर को हम एसआईआर को लेकर एक बड़ी रैली कर रहे हैं। रामलीला मैदान में ये रैली होगी। जिसमें मुख्य रूप से पश्चिमी यूपी और एनसीआर को केंद्रित करते हुए आयोजित होगी। रैली में हर जिलों से कांग्रेस नेता शामिल होंगे।इसमें बीएलओ के साथ जो भेदभाव हो रहा है उसको लेकर हम ये रैली कर रहे हैं। उसमें हम महंगाई, शिक्षा, विकास, भ्रष्टाचार हर मुद्दे पर बोलेंगे। हमारा अगला विधानसभा का चुनाव भी इसी पर खड़ा होगा। पूरा वेस्ट यूपी हमारा इसमें डटेगा और ये ऐतिहासिक रैली होगी।मुसलमान ही नहीं बल्कि वो सभी लोग जो भाजपा के विरोधी हैं। भाजपा विरोधी वोटरों का नाम लिस्ट से हटाने का काम हो रहा है। एसआईआर के बहाने भाजपा सरकार दूसरे दलों के वोटरों के नाम लिस्ट से हटवा रहा है। जिस अभियान को पूरा समय चाहिए, विधिवत तरीके से काम होना चाहिए वैसा कुछ नहीं हो रहा। एससी, अगड़े और जो भी लोग जो भाजपा से अलग अन्य पार्टियों के साथ हैं उनकी वोट काटे जा रही है।सहारनपुर से इमरान मसूद, दानिश अली हमारे बड़े नेता हैं। डॉली शर्मा भी गाजियाबाद से हैं जिन्होंने हालिया लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया। इनके अलावा भी तमाम नेता हैं जो लगातार पार्टी के लिए कर्मठता से काम कर रहे हैं। देखिए शादी, विवाह निजी आयोजन हैं, इसे राजनीति से नहीं जोड़ा जा सकता, जोड़ना भी नहीं चाहिए। अपने घर के आयोजन में किसे बुलाना हैं, नहीं बुलाना ये व्यक्तिगत है। जिनको उन्होंने बुलाया, नहीं बुलाया ये राजनीति का हिस्सा नहीं है।पंचायत का चुनाव तो सभी दल अलग लड़ते ही हैं। हम पूरी मजबूती से पंचायत चुनाव लडेंगे और जीतकर आएंगे। हमने ये भी तय किया है कि जिसको विधानसभा लड़ना है वो पंचायत में हमारे प्रतयाशियों के साथ मजबूती से खड़ा है, मजबूती से चुनाव लड़ाए तो उनको हम विधानसभा में कंसिडर जरुर करेंगे। जब हम बूथ पर मजबूत रहेंगे, तभी तो हम आगे लड़ पाएंगे।

उत्तर भारत में कोहरे के साथ शीतलहर का प्रकोप , पहाड़ों पर बारिश और बर्फबारी का अलर्ट

नईदिल्ली।दिसंबर के पहले सप्ताह की शुरुआत उत्तर भारत में ठंड का कहर बढ़ने लगा है। ज्यादातर शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे चला गया है, जिससे कंपकंपी छूटने लगी है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 6 और 7 दिसंबर को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, झारखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। साथ ही कानपुर, लखनऊ, दिल्ली, आगरा, शिमला, नैनीताल, देहरादून, प्रयागराज, मनाली और चंडीगढ़ में घना कोहरा छा सकता है।उत्तराखंड के केदारनाथ में शुक्रवार को तापमान माइनस 14 डिग्री और बद्रीनाथ में माइनस 11 डिग्री तक पहुंच गया। पिथौरागढ़ और चमोली में नदी–नाले जम गए। रविवार को कई जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में भी हल्की बारिश और बर्फबारी की हो सकती है। शुक्रवार को राज्य के सभी शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे गिर गया है, जबकि लाहौल स्पीति के ताबो में तापमान माइनस 8.3 डिग्री पर पहुंच गया।

राजस्थान में शुक्रवार को सीकर के फतेहपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री दर्ज हुआ। शेखावाटी में ओस की बूंदें जमने से खेतों में पाला पड़ना शुरू हो गया है। यहां रात का पारा 3–5 डिग्री तक पहुंचने और शीतलहर चलने की संभावना है। मध्य प्रदेश में 19 शहरों में शुक्रवार को पारा 10 डिग्री से नीचे और पचमढ़ी में सबसे कम 5.8 डिग्री पर पहुंच गया। प्रदेश में 7–8 दिसंबर को ठिठुरन और बढ़ने के आसार हैं।

सोनू सूद ने किया इंडिगो का समर्थन , बोले गुस्सा छोड़ो चिल्लाने से बात नहीं बनने वाली



मुंबई,06 दिसंबर। क्रू स्टाफ की कमी का सामना कर रही इंडिगो एयरलाइन ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। देशभर के अलग–अलग शहरों में यात्री परेशान हैं और जमकर हंगामा कर रहे हैं। एयरलाइन पर न सिर्फ आम यात्रियों, बल्कि उन सितारों को भी परेशानी हो रही है, जिन्होंने बड़े पैमाने पर टिकट रद्द कर पैसे गंवाए हैं। कई कलाकारों ने इंडिगो एयरलाइन पर गुस्सा जाहिर किया। इसी बीच अभिनेता सोनू सूद ने इंडिगो का समर्थन कर एक वीडियो जारी किया है।सोनू ने एक वीडियो जारी कर इंडिगो एयरलाइन का समर्थन किया है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि वो एयरलाइन के ग्राउंड स्टाफ पर गुस्सा न उतारें। स्थिति को समझने की कोशिश करें और शांति बनाए रखें। सोनू ने बताया कि उनका परिवार भी 4–5 घंटे तक एयरपोर्ट पर फंसा रहा, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने शांति बनाए रखी। उनका कहना है कि जिस तरह कई यात्रियों ने गुस्से में प्रतिक्रिया दी, स्टाफ से झगड़े किए, वो बेहद दुखद है।सोनू ने यात्रियों से विनम्र अपील की है कि वो इस कठिन समय में एयरलाइन के कर्मचारियों के प्रति संवेदनशीलता और सहानुभूति दिखाएं, क्योंकि स्टाफ भी अपनी पूरी कोशिश कर रहा है और स्थिति उनके नियंत्रण में नहीं है। वो बोले, एयरलाइन के ग्राउंड स्टाफ पर गुस्सा न करें, उन पर चिल्लाएं नहीं। उड़ानें रद्द होने या देर होने पर यात्रियों का परेशान होना बिल्कुल स्वाभाविक है, लेकिन याद रखें कि ग्राउंड स्टाफ भी उसी समस्या में फंसा होता है।सोनू ने कहा, ग्राउंड स्टाफ पर चिल्लाना या गुस्सा निकालना गलत है। मैं समझ सकता हूं कि गुस्सा आता है, लेकिन एक बार खुद को उनकी जगह रखकर सोचिए, क्योंकि स्टाफ के पास ये तय करने का अधिकार ही नहीं होता कि फ्लाइट उड़ेगी या नहीं।

न्यूनतम पारा पहुंचा 4.2 डिग्री, एक सप्ताह तक गलन भरी ठंड के आसार

कानपुर की रातें लगातार प्रदेश में सबसे ठंडी

कानपुर। कानपुर में गलन वाली ठंड ने दस्तक दे दी है। प्रदेश में ठंडे शहरों की बात करें तो कानपुर की रातें बुधवार व गुरुवार को लगातार दो दिन प्रदेश में सबसे ठंडी रहीं। गुरुवार रात शहर का न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 5.4 डिग्री कम है। हालांकि दोपहर में निकलने वाली धूप से अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 1.4 डिग्री कम है। शहर के मौसम की बात करें तो देर शाम होते ही ठंडी हवाएं आमजन को गलन वाली ठंड का एहसास करा रही हैं। रात होते होते तापमान की बात करें तो दिन से करीब 18–19 डिग्री गिर रहा है जो कि दिन की अपेक्षा रात में सर्दी को बढ़ा रहा है। सर्दी से बचाव के लिए आमजन ने अलाव जलाने के साथ साथ घरों में ब्लोवर व हीटर जलाने शुरु कर दिए हैं। इसके अलावा बाजारों में स्वेटर, जैकेट, मफलर व टोपे की डिमांड को बढ़ा दिया है।मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि पूरे उत्तर भारत में हिमाचल से लेकर कश्मीर तक तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। आगे भी तापमान गिरने की संभावना है। बारिश ने होने के चलते सर्दी शुष्क रहेंगे। दिन में तेज धूप निकलेगी लेकिन छाया में खड़े होने पर सर्दी का एहसास होगा। यह स्थितियां एक सप्ताह तक बनी रहेंगी।न्यूनतम तापमान के गिरने की बात करें तो वह एक दिसंबर को 7.7 डिग्री सेल्सियस था।

छात्रा चोटी करके नहीं पहुंची स्कूल के मैनेजर ने घूसे मारे

आगरा में टीचर ने मुंह पर लोटा फेंका, नाक–कान से खून निकलते ही बेहोश हुई

आगरा। आगरा में छात्रा दो चोटी बनाकर स्कूल नहीं पहुंची तो टीचर और मैनेजर ने उसे घूसे मारे। छात्रा के नाक– कान से खून निकलने लगा। ये खबर मिलते ही परिवार वाले भागते हुए स्कूल पहुंचे। बेटी की हालत बिगड़ती देख उसे प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे एसएन मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया है।भाई ने कहा– मेरी बहन ने दो चोटी नहीं की तो स्कूल वालों ने उसके साथ मारपीट की। ऐसे टीचर पर कार्रवाई होनी चाहिए। रोज हजार नियम बनाने वाले स्कूल को सीज किया जाना चाहिए। स्कूल के मैनेजर और उनकी पत्नी ने मेरी बहन को बहुत मारा है। हमने पुलिस में भी इसकी शिकायत की है।सैंया के मोहनपुर में पंडित मूंगाराम बाबूजी इंटर कॉलेज है। श्रीभगवान शर्मा इसके प्रबंधक हैं। कॉलेज में 11वीं क्लास में पढ़ने वाली छात्रा रोज की तरह स्कूल पहुंची। छात्रा ने बताया– स्कूल के गेट पर पहुंचते ही उसे दो चोटी नहीं बनाने की बात कहकर रोक दिया गया।तभी वहां प्रबंधक श्रीभगवान शर्मा भी पहुंच गए। उन्होंने कहा कि एक तो लेट आई हो और दो चोटी भी नहीं बनाई हो। तुम्हें एंट्री नहीं मिलेगी। इस दौरान प्रबंधक की पत्नी भी वहां मौजूद थीं।छात्रा ने कहा– मैंने एक चोटी बनाई है। आज दो चोटी बनाना भूल गई। इस पर उसकी प्रबंधक बहस करने लगे। उनकी पत्नी ने मेरे बाल पकड़ लिए। प्रबंधक ने मुझे थप्पड़ मारा। मैंने इसका विरोध किया तो एक टीचर भी आ गए। उन्होंने मेरे चेहरे पर लोटे से मार दिया। मेरे नाक और कान से खून निकलने लगा।

सत्य सवेरा

सिनेमा

www.satysavera.in

8

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

आजमगढ़, सोमवार,08 दिसम्बर 2025

शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को किंग का तोहफा, रिलीज हुआ फिल्म का धांसू टीजर

शाहरुख खान के जन्मदिन पर जैसे प्रशंसकों की दुआएं सच हो गईं, क्योंकि जिस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे किंग, उसका पहली झलक आखिरकार सामने आ चुकी है। इस ऐलान से सोशल मीडिया पर शाहरुख के प्रशंसकों

के बीचक उत्साह की लहर दौड़ पड़ी। फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद और खुद शाहरुख ने किंग का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें सुपरस्टार के जोश और स्वैग से भरे अवतार ने सबका दिल जीत लिया है।

सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर साझा करते हुए लिखा गया है, 100 देशों में बदनाम, दुनिया ने दिया सिर्फ एक नाम। इसी के साथ ये जानकारी भी दी गई है कि फिल्म साल 2026 में सिनेमाघरों का रुख करेगी। इस बार शाहरुख का लुक बिल्कुल अलग है। सफेद सिल्वर बाल, ईयररिंग, किंग आफ हार्ट्स कार्ड वाला स्टाइल, जो पहले कभी नहीं देखा गया। टीजर में शाहरुख का स्टाइलिश, रौबदार और एक्शन से लबरेज अवतार सबका ध्यान खींच रहा है।

किंग का टीजर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। 1 मिनट 11 सेकंड के वीडियो की शुरुआत शाहरुख के दमदार डायलाग से हुई। इसमें शाहरुख बोलते दिख रहे हैं, कितने खून किए? याद नहीं, अच्छे लोग थे या बुरे, कभी पूछा नहीं, बस उनकी आंखों में एहसास देखा कि ये उनकी आखिरी सांस है और मैं उसकी वजह। हजार जुर्म, 100 देशों में बदनाम, दुनिया ने दिया सिर्फ एक ही नाम किंग। मैं डर नहीं, दहशत हूं।

शाहरुख के प्रशंसक फिल्म का टीजर देख उतावले हो रहे हैं। किंग के एक्शन पैक्ड अवतार ने उनकी बेताबी और बढ़ा दी है। कुछ का कहना है कि बाक्स आफिस पर फिर घमासान मचने वाला है तो कुछ कह रहे हैं कि जवान के बाद शाहरुख एक और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की तैयारी कर रहे हैं। शाहरुख के लुक और उनकी डायलागबाजी भी प्रशंसकों को लुभा रही है। कुल मिलाकर शाहरुख के जन्मदिन पर फैंस का दिन बन गया है।

किंग शाहरुख की बेटी सुहाना खान की पहली फिल्म है, जो सिनेमाघरों में आएगी। इससे पहले उन्हें जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज में देखा गया था, लेकिन ये नेटफ्लिक्स पर आई थी। शाहरुख की ब्लाकबस्टर फिल्म पठान का निर्देशन कर चुके सिद्धार्थ आनंद इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। दीपिका पादुकोण इसमें शाहरुख की पूर्व प्रेमिका के किरदार में दिखेंगी, वहीं अभिषेक बच्चन फिल्म के विलेन होंगे। विवेक ओबेराय और रानी मुखर्जी भी इसका हिस्सा हैं।

धन पिशाचिनी में सोनाक्षी का डरावना लेकिन ग्लैमरस लुक, पीछे छिपी 3 महीने की रिसर्च

फिल्म जटाधारा के साथ सोनाक्षी सिन्हा स्क्रीन पर अब तक दिखाई गई सबसे रहस्यमयी और दिव्य मिथकीय शक्तियों में से एक धन पिशाचिनी को जीवंत करने जा रही हैं, जो विशेष रूप से दिव्य ऊर्जा, रहस्य और ब्रह्मांडीय संतुलन का प्रतीक है। इस बेहद रहस्यमयी किरदार के बारे में जब फिल्म की निर्मात्री प्रेरणा अरोड़ा से बात की गई तो उन्होंने इस पर विस्तार से बात की क्योंकि इस चरित्र के क्रिएटिव रिसर्च और विजुअल आइडिएशन का नेतृत्व उन्होंने ही किया है। उन्होंने बताया, धन पिशाचिनी असल मायनों में ऊर्जा का दिव्य रूप है।

डायरेक्टर्स के पास उनके लुक की एक सोच थी, लेकिन मैंने उसे थोड़े अलग अंदाज़ में देखा। कई चर्चाओं और स्केचेज़ के बाद हम एक ऐसा लुक तैयार कर पाए, जो सिनेमाई रूप से भव्य भी हो और पौराणिक रूप से सच्चा भी। हमने लगभग तीन महीने सिर्फ उनके आभा, गहनों और संपूर्ण डिज़ाइन पर रिसर्च की, ताकि वह सौंदर्य और शक्ति दोनों का संतुलित रूप बन सके।

अर्जुन रेड्डी ने मुझे अभिनेत्री के रूप में नई पहचान दीः शालिनी पांडे

अभिनेत्री शालिनी पांडे ने ब्लाकबस्टर फिल्म अर्जुन रेड्डी से सुर्खियां बटोरी थीं। यह उनकी डेब्यू फिल्म थी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। यह उनके करियर का महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। शालिनी ने बताया कि विजय देवरकोंडा के साथ इस फिल्म ने कैसे एक अभिनेत्री के रूप में अलग–अलग रोल निभाने का आत्मविश्वास दिया। शालिनी पांडे ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, जब अर्जुन रेड्डी बन रही थी, हम सब नए साथ मिलकर अच्छा काम करना चाहते थे। जब इसने मुझे एक एक्टर के तौर पर पहचान मुझे एक्टर बनना है और अब अचानक मुझे बहुत जरूरी थी। उस समय मैं इतनी आता था। मैं बस हर चीज का आनंद कि भविष्य में मेरे काम को ऐसा ही और उसके बाद भी मेरा ध्यान इसी के बारे में बात करते हुए शालिनी ने खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती मेरा सफर सचमुच अद्भुत रहा मैंने जिन लोगों के साथ काम की फिल्म थी और जो लोग खड़े रहे, उन्होंने मेरे सफर को दिया। उन्होंने आगे कहा, पहली अच्छे अभिनेताओं और निर्देशकों के का मौका मिला है, जिससे मैं सचमुच करती हूं। उसके बाद से मैंने जितने भी हैं, वो कमाल की टीम के साथ किए को बहुत भाग्यशाली मानती हूं।

बता दें कि शालिनी पांडे ने फिल्म में एक मेडिकल की छात्रा का रोल प्ले किया था। इसमें विजय देवरकोंडा ने लीड रोल प्ले कि या था।

हिना खान

ने डेनिम आउटफिट में दिखाया ग्लैमरस अंदाज, लेटेस्ट पोस्ट ने फैंस का खींचा ध्यान

हिना खान अक्सर अपनी नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती रहती हैं और इस बार फिर हिना खान ने अपने नए पोस्ट के जरिए फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा. उन्होंने डेनिम आउटफिट पहनकर स्टाइल और ग्लैमर का बेहतरीन काम्बिनेशन दिखाया. एक्ट्रेस का ये लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

इस फोटो में हिना फैशन फारवर्ड लुक में नजर आ रही हैं. उन्होंने डेनिम स्टाइल का यूनिक आउटफिट पहना है, जो उनके स्टाइल और फेशन सेंस को बेहद शानदार तरीके से दिखाता है।

इस क्राप टाप में अलग–अलग टेक्सचर और लेयरिंग दिखाई देती है जो इसे और भी स्टाइलिश बनाती है. नीचे की तरफ उन्होंने मैचिंग डेनिम स्कर्ट पहनी है जो उनके आउटफिट के साथ अच्छी तरह से मेल खाती है. हिना का यह डेनिम आउटफिट क्लासी और माडर्न दोनों का बेहतरीन मिक्सचर है. उन्होंने इस लुक को मैचिंग डेनिम हील्स और हैंडबैग के साथ कंप्लीट किया है. उनका हैंडबैग डिजाइनर स्टाइल का है और इसमें दिल के शेप की डिटेलिंग देखी जा सकती है. हिना खान का मेकअप और हेयरस्टाइल भी इस लुक को परफेक्ट बना रहे हैं. उनका मेकअप साफ्ट और नेचुरल टोन में है. जो उनके चेहरे की खूबसूरती को निखार रहा है. इस फोटो में हिना खान की पोजिंग काफी कान्फिडेंट और स्ट्रान्ग है. ये आउटफिट, हेयरस्टाइल, मेकअप और एक्सेसरीज का बेहतरीन मिक्सचर हिना के फैंस को इंस्पायर करता है।

बाक्स आफिस पर 12वें दिन थामा की कमा में बढ़ोतरी, एक दीवाने की दीवानियत की भी कमा बढ़ी

आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म थामा इन दिनों चर्चा में बनी है. थामा को मैडाक ने बनाया है. फिल्म को आदित्य सरपोतदार ने डायरेक्ट किया है. इस हारर कामेडी फिल्म को अच्छे रिव्यू मिले हैं. बाक्स आफिस पर भी फिल्म ठीक कमाई कर रही है. आइए जानते हैं फिल्म का अब तक का बाक्स आफिस कलेक्शन क्या रहा है. सैकनिल्क के मुताबिक, थामा ने 12वें दिन 4.5 करोड़ का कलेक्शन किया है. फिल्म के 12वें दिन के कलेक्शन के आंकड़े अभी आफिशियली सामने नहीं आए हैं. पर फिल्म अगर 12वें दिन 4.5 करोड़ का कलेक्शन करती है तो फिल्म का अभी तक का टोटल कलेक्शन 115.9 करोड़ हो गया है. । इसी के साथ फिल्म आयुष्मान खुराना के करियर की तीसरी हाईएस्ट ग्रासिंग फिल्म बनने से कुछ इंच दूर है. आयुष्मान की बाला अभी तीसरे नंबर पर है. बाला ने 116.38 करोड़ की कमाई की थी. पहले नंबर पर ड्रीम गर्ल है. ड्रीम गर्ल ने 141.3 करोड़ का कलेक्शन किया था. दूसरे नंबर पर बधाई हो है, जिसने 137.31 करोड़ का कलेक्श किया था. वहीं ये फिल्म रश्मिका मंदाना के करियर की चौथी हाईएस्ट ग्रासिंग फिल्म है. तीसरे नंबर पर एनिमल है. एनिमल ने 502.98 करोड़ का कलेक्शन किया था. थामा जिस हिसाब से कमाई कर रही है, एनिमल को पीछे छोड़ना तो काफी मुश्किल लग रहा है।

इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म हक का नया गाना कुबूल जारी, 7 नवंबर होगी रिलीज

बालीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म हक का फैंस इंतजार कर रहे हैं। उनके लिए मेकर्स ने बुधवार को इसका नया गाना कुबूल रिलीज कर दिया। इसे पहले भी मैं फेम विशाल मिश्रा ने इसका संगीत तैयार किया है। इस गाने को अरमान खान ने गाया है और इसके बोल कौशल किशोर ने लिखे हैं। यह प्यार की एक भावपूर्ण अभिव्यक्ति है जिसमें यामी और इमरान खामोशी और नजरों के जरिए प्यार का इजहार करते दिख रहे हैं। इस गाने को जंगली म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के बारे में बात करते हुए अभिनेता इमरान हाशमी ने एक बयान में कहा, जब संगीत किसी फिल्म की आत्मा बन जाता है, तो उसमें एक अलग ही जादू होता है। कुबूल बिल्कुल वैसा ही करता है। विशाल ने एक ऐसी धुन गढ़ी है जो भावनाओं से भरपूर है और यह हमारी फिल्म की कहानी के मर्म को खूबसूरती से बयां करती है।अभिनेत्री यामी गौतम ने कहा, कुबूल वह दुर्लभ गीत है जो शांत जगहों में नजरों, अनकहे शब्दों और दर्द भरी खामोशियों के रूप में बसता है। यह मेरे किरदार की गहरी भावनाओं, उसकी कमजोरी, उसकी ताकत और उसकी चाहत को दर्शाता है। इसे प्रस्तुत करना सिर्फ प्यार का इजहार करने के बारे में नहीं था बल्कि अपने भीतर के एक खामोश तूफान को पर्दे पर उतारने जैसा था।संगीतकार विशाल मिश्रा ने कहा, हक का संगीत भावनाओं और भारतीय धुनों व रागों की शक्ति पर आधारित है। कुबूल भारतीयता और आधुनिक अभिव्यक्ति में पिरोई गई प्रेम की अभिव्यक्ति है। मैं चाहता था कि यह गीत बिना कुछ बोले किरदारों की भावनाओं को दर्शाए। फिल्म हक को सुपर्ण एस वर्मा ने डायरेक्ट किया है। इसमें शीबा चड्ढा, दानिश हुसैन और असीम हट्टंगडी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी मशहूर जर्नलिस्ट जिग्ना वोरा की बुक बानोः भारत की बेटी पर आधारित है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सत्यम गोंड द्वारा शोभित ऑफसेट, के-540, इन्द्रलोक कालोनी, मानस नगर, लखनऊ-226023 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर, ग्राम मोहब्बतपुर, पोस्ट शाहगढ़, जिला आजमगढ़ (उ0प्र0) 276001 से प्रकाशित। सम्पादकः सत्यम गोंड, मो0 7398687275 PRGI. NO. : UPHIN/25/A1953 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र आजमगढ़ मान्य होगा।